26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 05 नवम्बर , 2026

अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में 5 भारतवंशी जीते

सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के मेंबर

वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में 5 भारतवंशी नेताओं ने हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के चुनाव में जीत हासिल की है, जबकि एक उम्मीदवार अमीष शाह आगे चल रहे हैं। ये सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं। जीतने वालों में रो खन्ना, अमी बेरा, प्रमिला जयपाल,



सुहास सुब्रमण्यम और पिया दांडिया शामिल हैं। इससे पहले 2024 के चुनाव में 6 भारतवंशी इस सदन के लिए चुने गए थे। इस बार सीनेट के लिए किसी भारतीय मूल के उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा था। वहीं, गवर्नर पद के लिए भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने ओहायो से दावेदारी पेश की थी, लेकिन वे डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन से हार गए। कैलिफोर्निया के तीसरे संसदीय क्षेत्र से एमी बेरा लगातार आठवीं बार सांसद चुने गए हैं। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार रॉब टकर को 23 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। बेरा पेशे से डॉक्टर हैं। वह 2013 में पहली बार हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सदस्य बने थे।

आयोग में बदला काम का तरीका, बैठकों का एजेंडा और मिनट्स हो रहे जारी

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। चुनाव आयोग में पारदर्शी तरीके से कामकाज सुनिश्चित करने के लिए कई बदलाव किए गए हैं। अब आयोग की बैठकों का एजेंडा पहले से साझा किया जाएगा और बैठकों के मिनट्स यानी कार्यवाही का ब्योरा भी जारी किया जाएगा। पहले यह प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही थी। इसके अलावा, आयोग में काम करने वाले अधिकारियों को अब विदेश यात्रा पर जाने के लिए आयोग से पहले मंजूरी लेनी होगी, जबकि पहले ऐसी मंजूरी नहीं ली जाती थी।

नये आईटी मॉड्यूल को भी पहले अधिकारियों की एक कमेटी के पास भेजा जाएगा और वहां से मंजूरी मिलने के बाद ही उसे आयोग के सामने रखा जाएगा। पहले यह मुद्दा चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच विवाद की वजह बना था।

वहीं, एसआईआर के लिए ऑनलाइन फॉर्म से घोषणा पत्र का विकल्प हटा दिया गया है। यह बदलाव उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है, जहां एसआईआर की प्रक्रिया अभी जारी है। अब यह घोषणा ऑनलाइन फॉर्म का हिस्सा नहीं होगी, बल्कि इसके लिए अलग से घोषणा पत्र जारी किया गया है।



एसआईआर से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया गया है। 4 नवंबर को जारी अपडेट के मुताबिक, आयोग ने 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नये मतदाताओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म 6 से अतिरिक्त घोषणा पत्र (Annexure-D) की बाध्यता अलग कर दी है। अब मतदाता पंजीकरण के ऑनलाइन फॉर्म में यह घोषणा शामिल नहीं होगी। इसके लिए अलग से घोषणा पत्र देना होगा। इस बदलाव का मकसद नये मतदाताओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाना और ऑनलाइन फॉर्म भरते समय आने वाली अतिरिक्त परेशानी को कम करना है।

इन बदलावों को लेकर 26 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मौजूदगी में आयोग की उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। इस बैठक में आंतरिक कामकाज को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने से जुड़े फैसलों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई थी।

बैठकों के एजेंडे और मिनट्स जारी करने का फैसला आयोग के भीतर जवाबदेही बढ़ाने के मकसद से लिया गया है। इससे आयोग की बैठकों में किन मुद्दों पर चर्चा हुई और क्या फैसले लिए गए, इसकी जानकारी उपलब्ध होगी। अधिकारियों की विदेश यात्रा के लिए आयोग की पूर्व मंजूरी अनिवार्य करने का फैसला भी इसी दिशा में उठाया गया कदम है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज



मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

राहुल गांधी फुस्स रॉकेट, लॉन्च नहीं होने वाले- योगी

गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा सहित पूरा इंडी गठबंधन भारत की विकास व आत्मनिर्भरता की यात्रा में लगातार रोड़े अटका रहा है। कांग्रेस और उसका इंडी गठबंधन दिल्ली में अराजकता पैदा कर लोकतंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। राहुल गांधी फुस्स रॉकेट हैं, जिनका बारूद खत्म हो चुका है, सिर्फ धुआं बचा है।

योगी बुधवार को गोरखपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अगुवाई में निकाली गई लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा शुरू करने से पहले महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे जितनी बार उन्हें लॉन्च कर ले, अब वह लॉन्च नहीं होने वाले। इस अवसर पर उन्होंने श्री नबीन का बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्षधरा में प्रथम आगमन पर भावपूर्ण स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के दल अगर चुनाव जीतते हैं तो परिणाम उनका पुरुषार्थ होता है। और, यदि जनता उनके नकारेपन के कारण जवाब दे देती है, वे हार जाते हैं तो ईवीएम पर दोष थोपना उनकी प्रवृत्ति बन गई है। योगी ने कहा कि एसआईआर की कार्यवाही पहली बार देश में नहीं हुई है। अलग-अलग समय में और ज्यादातर कांग्रेस पार्टी के समय में भी मतदाता सूची पुनरीक्षण की कार्यवाही हुई। कांग्रेस के समय मतदाता सूची का पुनरीक्षण होता था तो वे इसका समर्थन करते थे। और, आज बांग्लादेशी घुसपैठियों, पाकिस्तानियों या मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए निर्वाचन आयोग विशेष कार्यक्रम चलाता है, तो वे हाय-तौबा मचाकर देश के अंदर अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

'राष्ट्रभक्त जेन जी' तैयार करेगा आरएसएस, सोशल मीडिया पर नज़र

यूपी में यूजीसी बिल से नुकसान का डर

इंदौर/भोपाल (एजेंसी/चिंगारी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बुधवार को यहां कहा कि राम मंदिर के बाद अब बाकी धर्मस्थलों के अदालतों में चल रहे मामलों को उनके फैसलों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी रहनी चाहिए, जब तक समाज में पिछड़ापन बना हुआ है।

श्री होसबोले संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की यहां तीन दिवसीय बैठक के समापन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान आरक्षण, कृष्ण जन्मभूमि विवाद, संघ के पंजीयन, संगठन विस्तार, युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और सेवा कार्यों सहित विभिन्न विषयों पर सवालों के जवाब दिये और संघ का पक्ष रखा। संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की यहां डेली कॉलेज में दो से चार नवंबर की इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि सहित विभिन्न धर्मस्थलों पर विवाद को लेकर अदालतों में विचाराधीन मामलों को लेकर पूछे गए एक सवाल पर श्री होसबाले ने कहा हमें राम मंदिर बनाकर दिखाना था, वह हमने बना दिया। बाकी मामले अदालतों में चल रहे हैं, उन्हें वहीं रहने देना चाहिए। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि समाज में जो वर्ग पिछड़े हुए हैं, उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। उनके अनुसार, जब तक समाज में पिछड़ापन है, तब तक आरक्षण की आवश्यकता बनी रहेगी। संघ के सांगठनिक कार्यों के बारे में सरकार्यवाह ने बताया कि संगठन के शताब्दी वर्ष के दौरान एक साल में संघ की पहुंच 10,241 नये स्थानों तक बढ़ी है। वर्तमान में देश के 63,208 स्थानों पर 99,423 शाखाएं संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त 34,982 साप्ताहिक मिलन और 14,096 मासिक मंडलियां भी चल रही हैं। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से संघ की पहुंच कुल 1,03,397 स्थानों तक हो गई है। श्री होसबोले ने बताया कि पश्चिम बंगाल में संघ की शाखाओं की संख्या पहले की तुलना में डेढ़ सौ गुना बढ़ी है। पहले वहां शाखाएं लगाने में विरोध का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव के कारण ऐसी परेशानी नहीं होती। कम आबादी और हिंदुओं की कम संख्या वाले क्षेत्रों में भी शाखाएं शुरू की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक एकता और समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शताब्दी वर्ष में देशभर में 94,218 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें संघ के अनुसार करीब पांच करोड़ लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि संघ समाज के सभी वर्गों के बारे में विचार करता है और महिलाओं तथा युवाओं को भी संगठन की गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए श्री होसबाले ने कहा कि युवाओं को ड्रग्स और अन्य नशे से बचाने के लिए संघ विशेष योजना तैयार करेगा। जो युवा पहले से नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, उनकी काउंसलिंग भी की जाएगी। बैठक में इस दिशा में काम करने पर चर्चा हुई है। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों और कार्यक्रमों से जोड़ने की आवश्यकता बताई। इसके साथ ही युवाओं में बदलते रुझान और जेन-जी की सोच जैसे विषयों पर भी बैठक में विचार-विमर्श हुआ।

इकरा हसन को पश्चिमी यूपी में सपा का चेहरा बनाने की कोशिश, इमरान मसूद के सामने बढ़ी राजनीतिक चुनौती



सहारनपुर (चिंगारी)। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच गठबंधन कायम होने के बावजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम नेतृत्व और मतदाताओं के बीच प्रभाव बढ़ाने की राजनीतिक कोशिशें तेज होती दिखाई दे रही हैं। कांग्रेस ने सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कैराना की सांसद इकरा हसन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रमुख चेहरे के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। इससे दोनों दलों के बीच क्षेत्रीय नेतृत्व को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। दोनों दलों के बीच आगामी विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर भी मतभेद की ख़बरें हैं। कांग्रेस अधिक सीटों पर अपना दावा जता रही है, जबकि सपा सीटों के बंटवारे में अपने संगठनात्मक आधार को प्राथमिकता देना चाहती है। एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्षी गठबंधन की रैली में अखिलेश यादव ने इकरा हसन को शीर्ष नेताओं के साथ मंच पर अगली पंक्ति में स्थान देकर उन्हें राजनीतिक महत्व देने के अपने रुख का संकेत दिया।

कैराना लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली इकरा हसन का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक और पारिवारिक आधार है। उनके भाई नाहिद हसन कैराना से विधायक हैं और उनकी मां तबस्सुम हसन भी लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। उनके पिता दिवंगत मुनव्वर हसन लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य रहे थे। उनके दादा अख्तर हसन वर्ष 1980 में कैराना संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे।

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476





पांच पीढ़ियों से मिट्टी को आकार दे रहा झालू का परिवार

-शेख मो. आदिल

100 साल से अधिक पुरानी विरासत को हाथों की कारीगरी से जिंदा रखे है इरफान का परिवार

झालू (चिंगारी)। आधुनिकता के इस दौर में जहां बाजार में स्टील, प्लास्टिक, एल्युमिनियम और इलेक्ट्रॉनिक बर्तनों ने अपनी जगह बना ली है, वहीं कस्बा झालू का एक परिवार आज भी मिट्टी को अपने हाथों से आकार देकर अपनी पुश्तैनी कला और रोजगार को जिंदा रखे हुए है। मोहल्ला रामलीला में रहने वाला यह परिवार पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से पांच पीढ़ियों से मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करता आ रहा है। पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही इस कला में चाक की घूमती रफ्तार, मिट्टी की खुशबू और हाथों की कारीगरी आज भी दिखाई देती है। परिवार के सदस्य इरफान ने बताया कि उनके पूर्वजों ने जिस हुनर को शुरू किया था, उसे आज भी उनका परिवार पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ा रहा है। उनके लिए यह केवल एक कारोबार नहीं, बल्कि उनके पूर्वजों की विरासत और परिवार की पहचान भी है।



अल्लाहबख्श से शुरू हुआ सफर, पांचवीं पीढ़ी तक जारी

इरफान के अनुसार उनके परिवार में मिट्टी के बर्तन बनाने का काम कई दशकों से चला आ रहा है। इस पुश्तैनी कारोबार की शुरुआत अल्लाहबख्श पुत्र फतेह पधान से हुई। इसके बाद नन्हे पुत्र अल्लाहबख्श, फिर शकील अहमद पुत्र नन्हे, उसके बाद अमीरुद्दीन पुत्र शकील अहमद और अब परिवार की अगली पीढ़ी इस काम को आगे बढ़ा रही है। इरफान बताते हैं कि वह अपने पिता शकील अहमद और छोटे भाई रिजवान के साथ मिलकर मिट्टी के बर्तन तैयार करते हैं। इस तरह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक यह हुनर बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के परिवार के भीतर ही सीखने और सिखाने की परंपरा के जरिए आगे बढ़ता चला आ रहा है। मिट्टी को हाथों से गूंथना, उसे सही आकार देना, चाक पर घुमाना, बर्तन की मजबूती और आकार का ध्यान रखना और इसके बाद उसे पकाकर इस्तेमाल योग्य बनाना इस पूरी प्रक्रिया में मेहनत, अनुभव और धैर्य की जरूरत होती है। वर्षों की कारीगरी ने परिवार के हाथों को इस काम में इतना निपुण बना दिया है कि मिट्टी का एक साधारण सा ढेला उनके हाथों में आते ही धीरे-धीरे उपयोगी बर्तन का रूप लेने लगता है।

पढ़ाई भी जारी, पुश्तैनी हुनर भी कायम

इस परिवार की कहानी की खास बात यह है कि जहां एक ओर परिवार अपनी पुश्तैनी कला को बचाए रखने के लिए मेहनत कर रहा है, वहीं परिवार की नई पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है। इरफान ने बताया कि वह बीए की पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि उनके छोटे भाई रिजवान पॉलीटेक्निक की पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ दोनों भाई परिवार के इस काम में भी हाथ बंटाते हैं। इरफान का कहना है कि समय बदल रहा है और आज के दौर में रोजगार के कई नये रास्ते सामने आए हैं, लेकिन वह अपने पूर्वजों से मिले इस हुनर को खत्म नहीं होने देना चाहते। उनके लिए मिट्टी के बर्तन बनाना केवल रोजी-रोटी का साधन नहीं, बल्कि उनके परिवार की पांच पीढ़ियों की मेहनत और पहचान है।

घड़ा से लेकर तंदूर तक, हर तरह के बर्तन बनते हैं

इस परिवार के हाथों से तैयार होने वाले मिट्टी के बर्तनों की लंबी सूची है। यहां पानी पीने के लिए मिट्टी के घड़े, सब्जियां बनाने की हंडिया, दूध काढ़ने की हंडिया, रोटी बनाने के लिए तंदूर सहित कई तरह के पारंपरिक बर्तन तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा दीपावली, पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजनों में इस्तेमाल होने वाले मिट्टी के विभिन्न प्रकार के बर्तन भी तैयार किए जाते हैं। त्यौहारों के समय इन बर्तनों की मांग बढ़ जाती है, जिससे परिवार को कुछ अतिरिक्त आमदनी की उम्मीद रहती है। मिट्टी के बर्तनों की खासियत यह है कि इनमें तैयार भोजन और पानी का स्वाद पारंपरिक तरीके से अलग महसूस होता है। खासकर मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी आज भी गर्मियों में लोगों को आकर्षित करता है। यही वजह है कि आधुनिक बर्तनों के बीच मिट्टी के बर्तनों की अपनी एक अलग पहचान बनी हुई है।

बैलबुग्गी की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

नांगल सोती (चिंगारी)। आज पूर्वाह्न 11.45 बजे नांगल - चंदक मार्ग पर बैल-बुग्गी की टक्कर से बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। यह दुर्घटना बैल-बुग्गी में जुड़े बैल किसी कारणवश बिदक जाने (चौक जाने) के कारण हुई। एक व्यक्ति बैल-बुग्गी से पावर-कोल्हू पर गन्ना बेचकर वापस घर जा रहा था। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम खानपुर में शराब की दुकानों के पास बैल के बिदक जाने से बैल-बुग्गी ने नांगल की ओर से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल सवार कार्तिक व अंकित पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम चंदोक थाना नांगल गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल भाइयों को एम्बुलेंस द्वारा मंडावली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महिला को बंधक बनाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना किरतपुर के ग्राम बुडगरा निवासी कुमारी विधि पुत्री चंद्रप्रकाश ने मंडावली थाने में तहरीर दी जिसमें बताया था कि उसकी माता को बंधक बनाया गया व भूपेंद्र के द्वारा अपमानित किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के द्वारा विवेचना के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की वृद्धि गई। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि वांछित चल रहे अभियुक्त रुद्रेश कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी बुडगरा को उपनिरीक्षक दयानंद व कांस्टेबल नितिन ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।

ई-रिक्शा में पिकअप की टक्कर से कई लोग घायल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर के पास बुधवार को नहर पटरी पर आगे चल रही ई-रिक्शा में पीछे से आ रहे अज्ञात पिकअप की टक्कर हो गई। जिसमें कई घायल हो गए। सूचना पर मंडावली पुलिस पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घायल प्रेम सिंह पुत्र दयाराम, शशि पत्नी राजीव, कमलेश पत्नी छोटे, स्वाति पत्नी धर्मेंद्र, अन्या पुत्री धर्मेंद्र निवासी ग्राम रामदासवाली को उपचार के लिए मोटा महादेव मंदिर के पास लाइफलाइन हॉस्पिटल भेजा। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि फरार अज्ञात पिकअप वाहन की तलाश की जा रही है।

जनगणना का कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिये



शेरकोट (चिंगारी)। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को लेकर नगर पालिका परिषद शेरकोट में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना प्रभारी जे.पी. यादव ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को विस्तृत जानकारी देते हुए कार्य को समय से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार को पालिका सभागार में दूसरे बेंच के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन पहुंचे जिला जनगणना प्रभारी बिजनौर जे.पी. यादव ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की बारीकियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने जनगणना-2027 के कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सावधानीपूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराये जाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर 2026 से स्वजनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा और 01 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक जनगणना का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इस कार्य में लगे हर कर्मचारी की भूमिका और जिम्मेदारी बेहद अहम है। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से निर्धारित समय-सारिणी का पालन करते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ जनगणना का कार्य पूर्ण करने की अपील की। इस अवसर पर ईओ कृष्ण मुरारी, लिपिक मौ. ताहिर, अभिलाष श्रीवास्तव, फईम अहमद आदि मौजूद रहे।



भली लगे या बुरी...

क्या ऐसे होगी प्रगति?

गांधीजी ने 'जीवनशैली' के प्रति भी चेतावनी देते हुए कहा था कि आज ब्रिटेन को अपनी जीवन शैली बनाये रखने के लिए आधी दुनिया के संसाधनों की आवश्यकता पड़ रही है। यदि ईश्वर न करे कि कल भारत और चीन इसी जीवनशैली पर चलना चाहें तो इसके लिये वे संसाधन कहां से लायेंगे? आज दुर्भाग्य से भारत और चीन न केवल इसी रास्ते पर चल रहे हैं, बल्कि यूरोप और अमरीका से अधिक उपभोग करना अपनी प्रगति का मानक समझ रहे हैं। जहां ब्रिटेन व अन्य औपनिवेशिक देश अपनी जीवनशैली बनाये रखने के संसाधन गुलाम देशों से लूट कर लाते थे, वहीं नव-स्वतंत्र देशों के अमीर व सत्तारूढ़ वर्ग अपनी अधिकांश ग्रामीण और असहाय जनता की लूट से ये संसाधन प्राप्त करने लगे। यही कारण है कि नगरों-महानगरों की चमक-दमक गरीबी के विशाल रेगिस्तान में नखलिस्तान जैसी है। चाहे जितने पर्दों में छिपाया जाये, असलियत यही है कि यह रेगिस्तान बढ़ रहा है और न केवल भारत और चीन, बल्कि सारी दुनिया में 'अराजकता', 'हिंसा' और 'युद्ध' का कारण भी बन रहा है।

आजादी के 78 वर्षों पर गरीबों के दृष्टिकोण से सरसरी नजर डालें तो उनको पिछले कुछ दशकों में जो मिला था वह देश-दुनिया की बदलती हुई परिस्थितियों में फिर से छिनने की प्रक्रिया कई साल पहले शुरू हो गयी थी जो अब लगातार तेज होती जा रही है। राजीव गांधी की नयी आर्थिक नीतियों तथा मनमोहन सिंह के वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री रहते हुए अपनायी गयी नव-उदारवादी नीतियों ने जहां तुलनात्मक रूप से अमीरों को ज्यादा अवसर दिये, वहीं गरीबों के लिए भी कुछ रास्ते खुले रखे। हालांकि, इनको पूर्णतः संतोषजनक कतई नहीं कहा जा सकता है, पर वर्तमान भाजपा नीत राजग सरकार तथा पहले 6 साल चल चुकी राजग की पहली सरकार जिस बेशर्मी के साथ अमीरों व पूंजीपतियों के पक्ष में हैं उसके मुकाबले कांग्रेस बहुत 'बौनी' नजर आती है। कांग्रेस ने जनता को सार्वजनिक उद्यम, मजदूरों को ट्रेड यूनियन अधिकार, बैंकों व बीमा का राष्ट्रीयकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा शिक्षा, सूचना, वनाधिकार व खाद्य सुरक्षा जैसे अनेकानेक अधिकार दिये, पर भाजपा को अमीरों की तिजोरी भरने तथा आम लोगों को रेवड़ियां बांटने के अलावा कुछ है ही नहीं।

शास्त्री जी ...जग में सुंदर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम

-पवन वर्मा

जग में सुंदर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम/ बोलो राम राम राम, बोलो श्याम श्याम श्याम।

भारतीय जनमानस ने इस भजन को केवल गाया नहीं, जिया है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम और लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण हमारे लिए दो अलग-अलग व्यक्तित्व नहीं, एक ही ब्रह्म की दो लीलाएं हैं। एक मर्यादा में बंधकर सीख देता है कि राजा कैसा हो, तो दूसरा मर्यादा तोड़कर सिखाता है कि प्रेम कैसा हो, पर जब इसी एकत्व पर कथावाचकों के मंच से ही प्रहार होने लगे, तो विवाद स्वाभाविक है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का ताजा बयान इसी पृष्ठभूमि में चर्चा में है।

क्या कहा गया शिवपुरी के मंच से?

29 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा में श्रीराम कथा चल रही थी। उसी कथा के दौरान पं. शास्त्री ने राम और कृष्ण की तुलना करते हुए कहा- तुम अपने वाले ठाकुर जी की एक भी फोटो देख लो। खड़े भी होते हैं तो तीन जगह से टेढ़े। पांव के ऊपर पांव, कहीं कमर लचकाए, टेढ़ी गर्दन करके बंसी बजाते हैं। हमारे वाले तो खड़े भी होते हैं तो एकदम सीधे। हमारे वाले का नाम भी सीधा, चलना भी सीधा, दिखते भी सीधे हैं। तुम्हारे वालों का नाम भी टेढ़ा, चलते भी टेढ़े, खड़े भी टेढ़े।

उन्होंने आगे कहा- बंसी बजाना तो खेल है, पर धनुष उठाना खेल नहीं। गाय चराना खेल है, बंदरों को नचाना खेल नहीं। तुम्हारे वाले ने पर्वत उठाया तो क्या बड़ी बात, हमारे भगवान के चेले हनुमान ने तो पूरा पर्वत ही उठा दिया। हमारा धाम अयोध्या सीधा, तुम्हारा वृंदावन टेढ़ा।

यह वीडियो अलग-अलग तरह से एडिट होकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और देखते ही देखते ब्रज के संतों से लेकर आम जनमानस तक में आक्रोश फैल गया।

आपत्ति क्यों उठी ?

भारतीय मूर्तिकला में कृष्ण की त्रिभंग मुद्रा कोई दोष नहीं, सौंदर्य का शिखर है। तीन जगह से टेढ़ा खड़ा होना- पांव, कमर और ग्रीवा- यह काम-शास्त्र और भरत के नाट्यशास्त्र में सौंदर्य का मानक है। रसिक संप्रदाय इसी टेढ़ेपन को प्रेम का प्रतीक मानता है। 'टेढ़ा' शब्द कृष्ण के लिए गाली नहीं, गोपियों का सबसे प्रिय उलाहना है। इसीलिए जब मंच से तुम्हारे वाले और हमारे वाले जैसा विभाजन हुआ, तो संतों को लगा कि यह सनातन की मूल एकता पर चोट है। अयोध्या के साकेत भवन के महंत सीताराम दास ने इसे गुरु परंपरा में गहरे अध्ययन के अभाव और अज्ञानता से भरा बयान तक कह दिया। उनका स्पष्ट मत था कि राम और कृष्ण दोनों एक ही हैं, दोनों में कोई भेद नहीं है।

राजनीति और कानूनी घेराबंदी

विवाद केवल धार्मिक नहीं रहा। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल ने धीरेंद्र शास्त्री को मानहानि और धार्मिक भावना आहत करने का लीगल नोटिस भेजा, जिसमें बिना शर्त सार्वजनिक माफी की मांग की गई है।



सांसद पप्पू यादव दिल्ली के संसद मार्ग थाने में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे, तो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- मानवीय भूलों के लिए तो क्षमा किया जा सकता है, 'ईशनिंदा' के लिए कभी नहीं। ऐसे दुष्मुखी लोगों पर आजीवन प्रतिबंध लगाना ही समाज के लिए श्रेयस्कर है। तेजस्वी यादव, सहित कई अन्य नेताओं ने भी इसे अशोभनीय बताया।

धीरेंद्र शास्त्री की सफाई और माफी

विवाद बढ़ने पर धीरेंद्र शास्त्री ने नैरोबी, केन्या से एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा- बात विनोद, भाव और प्रेम में कही गई थी। इसका अर्थ अनर्थ न निकाला जाए। जैसे गोपियां प्रेम में श्रीकृष्ण को कपटी तक कह देती थीं, वैसे ही यह एक प्रचलित पद 'बंसी बजाना तो खेल ही है, पर धनुष उठाना खेल नहीं' की व्याख्या थी। उन्होंने दोहराया कि वे स्वयं कृष्ण भक्त हैं, उनका नाम ही कृष्ण से जुड़ा है, वे कृष्ण जन्मभूमि के लिए आवाज उठाते रहे हैं, और यदि किसी की भावना आहत हुई हो तो वे क्षमा प्रार्थी हैं।

कथावाचकों की जिम्मेदारी

कथावाचक आज केवल धर्मगुरु नहीं, पब्लिक इन्फ्लुएंसर हैं। लाखों लोग लाइव सुनते हैं, करोड़ों क्लिप देखते हैं। ऐसे में मैंने तो भाव में कहा था कहना पर्याप्त नहीं। सार्वजनिक मंच से निकला एक वाक्य संदर्भ से कट कर पूरे समाज में आग लगा सकता है। हमारी परंपरा ने तो सिखाया है कि राम गंभीर हैं, तो कृष्ण चंचल हैं, राम मर्यादा हैं, तो कृष्ण स्वतंत्रता हैं, पर दोनों विष्णु ही हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में और सूरदास ने अपने पदों में कभी एक को दूसरे से छोटा नहीं बताया। अयोध्या सीधी लगती है, क्योंकि वह राजपथ है, वृंदावन टेढ़ा लगता है क्योंकि वह कुंजगली है, पर दोनों गलियां उसी परमात्मा के घर जाती हैं। आज जब समाज को राम की मर्यादा और कृष्ण के प्रेम, दोनों की आवश्यकता है, तब हमारे वाले-तुम्हारे वाले का भेद आत्मघाती है। धीरेंद्र शास्त्री की माफी का स्वागत होना चाहिए, पर माफी के साथ आत्मचिंतन भी जरूरी है। आम भारतीय जनमानस तो सदियों से मानता आ रहा है कि जग में सुंदर दो ही नाम हैं। उन्हें चाहे राम कहो या कृष्ण, बात एक ही है। सनातन ने कभी देवों को बांटा नहीं, जोड़ा है। जरूरत है कि कथावाचक भी इस बात को समझें, यही भक्तों की अपेक्षा है, यही धर्म की मर्यादा भी।

बड़े लोगों को खुद आगे बढ़कर सभी के साथ मुलाकात करनी चाहिए!

प्रेरक-प्रसंग

श्रीराम अपने वनगमन में थे। एक के बाद एक ऋषि-मुनियों के आश्रम में जा रहे थे। एक ऋषि, जिन्हें सुतीक्ष्ण के नाम से जाना जाता था। वे अगस्त्य मुनि के शिष्य भी थे। सुतीक्ष्ण मुनि ने सुना कि श्रीराम उनके आश्रम की ओर आ रहे हैं। उन्हें प्रतीक्षा थी कि श्रीराम उनके जीवन में कब आएंगे। वे राम से बहुत प्रेम करते थे। श्रीराम के प्रति उनके मन में भक्ति थी। सुतीक्ष्ण मुनि ने सोचा कि मैं खुद आगे बढ़कर श्रीराम को रास्ते में रोक लूं, प्रणाम करूं और अपना परिचय दूं। सुतीक्ष्ण को याद आया कि मैंने न तो इतनी भक्ति की है और न ही मैं इस योग्य हूं जो राम से सीधे जाकर मिलूं। राम बहुत बड़े व्यक्ति हैं। क्या वे मुझे स्वीकार करेंगे? ऐसे विचार सुतीक्ष्ण के मन में चल रहे थे। सुतीक्ष्ण जी सोचते जा रहे थे कि कैसे श्रीराम से मिलूं? वे आनंद में नाच भी रहे थे। एक पेड़ के पास श्रीराम ने मुनि को नाचते हुए देखा तो वे समझ गए कि ये मेरे लिए आनंद में झूम रहे हैं, लेकिन संकोच भी कर रहे हैं कि मुझसे कैसे मिलें? तब राम ने विचार किया कि मैं ही उनके पास चला जाता हूं। जैसे ही श्रीराम सुतीक्ष्ण मुनि के सामने पहुंचे तो सुतीक्ष्ण बेहोश हो गए। श्रीराम ने उनकी बेहोशी दूर की। जब सुतीक्ष्ण को होश आया तो वे रोने लगे और बोले, आप इतने बड़े व्यक्ति हैं, आप स्वयं चलकर मेरे पास आ गए। श्रीराम ने कहा, हे मुनि, इस संसार में कोई बड़ा-छोटा नहीं होता है। स्थितियां ऐसी हो सकती हैं कि किसी को बड़े पद पर ले जाएं, मैं आपके पास इसीलिए आया हूं कि अब ये भेदभाव खत्म होना चाहिए।

मात्र चार दिन के भीतर बरकातपुर मिल ने शुरू किया भुगतान, खुश हुए किसान

7 करोड़ 5 लाख का भुगतान भेजा, डीसीओ ने की प्रशंसा

नांगल सोती (चिंगारी)। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर ने पेराई सत्र शुरू करने के बाद चौथे दिन ही किसानों के खाते में 7 करोड़ 5 लाख का गन्ना मूल्य भुगतान भेज दिया है। यह पूरे जिले का पहला गन्ना भुगतान है। उक्त भुगतान पिछले पेराई सत्र के राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) के अनुसार किया गया है।

उत्तम शुगर मिल्स के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने बताया कि मिल प्रशासन ने अपने वायदे के मुताबिक गन्ना मूल्य भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मात्र चार दिनों के भीतर पहला भुगतान कर दिया है। बुधवार को 7 करोड़ 5 लाख 40 हजार रूपये का गन्ना भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेजने हेतु नजीबाबाद तथा बिजनौर गन्ना समितियों को एडवाइज बनाकर भेज दी गई है। यह भुगतान मिल द्वारा 3 नवंबर तक खरीदे गये गन्ने का है। जिला गन्ना अधिकारी ब्रजेश कुमार पटेल ने कहा कि बरकातपुर मिल ने बहुत तीव्र गति से तथा जिले में सबसे पहले गन्ना मूल्य भुगतान करके प्रशंसनीय कार्य किया है। ज्ञातव्य है कि जिले में अभी बरकातपुर तथा चांदपुर चीनी मिलों ने ही गन्ना पेराई शुरू की है। 8 चीनी मिलें तो अभी पेराई भी शुरू नहीं कर सकी हैं।



संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने कृषक भाइयों से अपील करते हुए कहा कि हाड़े से अधिक गन्ना लेकर न आयें, इससे किसान भाइयों को ही नुकसान होता है। साथ ही बासी व सूखा गन्ना आपूर्ति होने से मिल को भी आर्थिक हानि पहुंचती है। कृषकों से यह अपील भी की गई कि अपना गन्ना कोल्हू, क्रेशर पर बेचकर आर्थिक हानि न उठायें तथा अपना बेसिक कोटा बनाये रखने हेतु मिल में ही गन्ने की आपूर्ति करें। एफआईआरबी विधि से गेहूं के साथ गन्ना लगाकर दोगुना लाभ प्राप्त करने, नई प्रजातियों सीओ 15023, सीओ 0118, सीओ 20016 की बुआई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करने की अपील की।



हेलमेट के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए पुलिस ने की अनूठी पहल

बिजनौर (चिंगारी)। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बिजनौर पुलिस ने अनूठी पहल की है। पुलिस ने हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर 10-10 सेकेंड के दो जागरूकता वीडियो तैयार कर प्रसारित किए हैं। इनमें छोटे बच्चे लोगों से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते नजर आ रहे हैं।

बुधवार को यातायात पुलिस की ओर से प्रसारित एक वीडियो में छोटा बच्चा अपने पिता से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील कर रहा है। वहीं, दूसरे वीडियो में पुलिस की वर्दी पहने बच्चा

बच्चों को वीडियो से हेलमेट पहनने का संदेश दिया

हेलमेट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दे रहा है। पुलिस का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से अभिभावकों और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। अक्सर लोग दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने में लापरवाही बरतते हैं। ऐसे में पुलिस ने बच्चों के संदेश को जागरूकता का माध्यम बनाया है। बिजनौर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें और यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट का इस्तेमाल कर खुद के साथ दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। यातायात प्रभारी निरीक्षक रवि नैन ने बताया कि चालकों को जागरूक करने के लिए बच्चों के अभिभावक को समझाने के वीडियो बनाए गए हैं, जिससे यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया है।

चालक ने पकड़ा फ़र्ज़ी टीआई, कर रहा था बसों की चैकिंग

बिजनौर (चिंगारी)। बसों की चैकिंग कर रहे एक नकली यातायात निरीक्षक (टीआई) को रोडवेज बस के परिचालक ने शक होने पर पकड़ लिया। परिचालक उसे पकड़कर रोडवेज डिपो ले आया। इस दौरान डिपो में काफी देर तक हंगामा होता रहा। बताया जाता है कि बिजनौर डिपो की बस नगीना से भागूवाला जा रही थी। इसी दौरान नजीबाबाद के गोल चौराहे पर एक व्यक्ति बसों की चैकिंग कर रहा था। उसकी गतिविधियों पर परिचालक विनीत को शक हुआ। जानकारी करने पर वह व्यक्ति अपने पद और चैकिंग के अधिकार को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दे सका। इसके बाद परिचालक उसे पकड़कर डिपो ले आया। एआरएम बिजनौर अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कराई जा रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को दस साल की सज़ा

बिजनौर (चिंगारी)। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले अभियुक्त को दस वर्ष कठोर कारावास तथा पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता की मां ने चांदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 नवम्बर 2025 को शाम 7 बजे करीब चांदपुर के मोहल्ला शाहचंदन निवासी अमान पुत्र सद्दीक ने पीड़िता को अपने घर बुलाया तथा पीड़िता के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। इस मामले में अपराध सिद्ध होने पर विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने अभियुक्त अमान को भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) के तहत दस वर्ष कठोर कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत दस वर्ष कठोर कारावास तथा पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।



आरबीडी कॉलेज में लगा भव्य दिवाली मेला

बिजनौर (चिंगारी)। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में शकुंतला सृजनिका : द कल्चरल क्लब के बैनर तले गृह विज्ञान विभाग के द्वारा दिवाली मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वाति वीरा महाजन, सदस्य, वीरा चैरिटेबल सोसाइटी एवं सचिव, रेडियो संदेश 89.6, विशिष्ट अतिथि प्रवीण गुप्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रबंध समिति, रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, आकाश मलिक एवं दानिश, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, विकास खंड कोतवाली, बिजनौर भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगीत विभाग की छात्राओं ने लोकगीत एवं लोकनृत्य एवं अध्यापक शिक्षा विभाग की छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर



कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन भेल पूरी, शाही टोस्ट, गोलगप्पे, पापड़ी चाट, ब्रेड, दही-बड़े के स्टॉल लगाए गए। उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्राओं ने हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजु अरोड़ा ने सभी अतिथियों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शकुंतला सृजनिका क्लब की सचिव एवं भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा ऋतु सैनी ने किया।

हर घर जल योजना के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- डीएम

904 परियोजनाओं में 321 पूरी, 583 पर चल रहा काम, मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जल निगम ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हर घर योजना के तहत बनी पानी की टंकियों और जलापूर्ति व्यवस्था का टीम गठित कर भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। बैठक में अधिशासी अभियंता राकेश चौधरी ने बताया कि जनपद में 904 परियोजनाओं के लक्ष्य के सापेक्ष 321 पूरी हो चुकी हैं, जबकि 583 पर काम चल रहा है। इन्हें मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं 1943 आबादी वाले गांवों में से 1743 में ओवरहेड टैंक और सीधे पंप के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई 196 किलोमीटर सड़कों में से 153 किलोमीटर का पुनर्स्थापन पूरा हो चुका है। शेष 43 किलोमीटर सड़क का काम एक सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की गुणवत्ता और निर्माण कार्यों के मानकों से कोई समझौता न किया जाए। लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बिना अनुमति आतिशबाजी नहीं बिकेगी- एसएचओ

त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराना हमारी जिम्मेदारी

अफजलगढ़ (चिंगारी)। दीपावली पर बिना अनुमति आतिशबाजी नहीं बिकने दी जाएगी, क्योंकि त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराना हमारी जिम्मेदारी है। बुधवार को अफजलगढ़ कोतवाली प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने कही। उन्होंने प्रकाश के इस पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यापारियों का आह्वान किया कि आतिशबाजी की दुकानों/फड़ों के बीच उचित दूरी बनाए रखते हुए सभी दिशा-निर्देशों का पूर्णतया पालन करें। क्षेत्र में नशे के बढ़ते कारोबार की शिकायत पर उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबारियों की तुरंत सूचना दें, बताने वाले का नाम, पता, पहचान गुप्त रखते हुए दोषी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही होगी। अतिक्रमण की समस्या पर उन्होंने पालिका प्रशासन द्वारा शीघ्र समाधान कराने की बात कही। बैठक को पूर्व चेयरमैन नफीस कुरेशी, भाजपा (कि.मो.) के पूर्व जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, महामंत्री भीम सिंह रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा नेता अनिल नारायण व पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह ने भी अपने विचार व सुझाव पेश किये।



शांति समिति की बैठक को संबोधित करते एसएचओ किशन अवतार।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध, दिखाई एकजुटता

वर्धमान कॉलेज शिक्षक संघ ने भविष्य की रणनीति पर की चर्चा की



बिजनौर (चिंगारी)। फुपुक्टा के आह्वान पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के तीसरे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में वर्धमान कॉलेज शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता एवं प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस दौरान वर्धमान कॉलेज शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रोफेसर शशिप्रभा एवं सचिव डॉ. चारुदत्त आर्य ने आंदोलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को आंदोलन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए इसके आगामी चरणों पर चर्चा की। बैठक में शिक्षकों ने भविष्य की रणनीति एवं आंदोलन की आगे की रूपरेखा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। अंत में शिक्षक संघ के सचिव डॉ. चारुदत्त आर्य ने आंदोलन में सहभागिता और सहयोग के लिए सभी सम्मानित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

अवैध वसूली करने वाले फ़र्ज़ी पत्रकारों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुक़दमा दर्ज

बढ़ापुर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के एक गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक द्वारा थाना बढ़ापुर में 2 नामजद तथा कुछ अन्य फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध अवैध वसूली करने सहित अन्य आरोप लगाते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव जहानाबाद खोबड़ा स्थित संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक अंजीव कुमार ने पुलिस अधीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि 16 अक्टूबर को कुछ लोग विद्यालय पहुंचे और बिना अनुमति लिए मध्यान्ह भोजन के समय नल पर पानी पी रहे विद्यार्थियों के फोटो खींच लिए। इस संबंध में एक फर्जी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर दी थी। शिकायत के बाद उक्त फर्जी पत्रकार रुपयों की डिमांड करने लगे थे और दबाव बनाकर उनसे 5 हजार रुपये ले भी लिए थे। इसके बाद वह लाखों रुपए की मांग करने लगे थे। शिक्षक की उक्त शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना बढ़ापुर में दो नामजद गुरपेज सिंह व नूर मलिक तथा कुछ अन्यों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 308, 352, 351(2) तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989 व 2015 की धारा 3 (1) द तथा 3(1) के अंतर्गत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सुरक्षा मानकों के अनुसार होगी पटाखों की बिक्री

दुकानों के बीच 3 मीटर की दूरी जरूरी, 18 साल से कम उम्र के बच्चों को अकेले नहीं बेच सकेंगे पटाखे

बिजनौर (चिंगारी)। दीपावली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आतिशबाजी के भंडारण, बिक्री और उपयोग को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन करने पर ही पटाखों की अस्थायी दुकानों के लाइसेंस जारी किए जाएं।

डीएम ने निर्देश दिये कि दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्यस्थल से 50 मीटर की दूरी होनी चाहिए। दुकानों के एक समूह में 50 से अधिक दुकानें नहीं होंगी। प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन उपकरण, पानी और बालू की व्यवस्था अनिवार्य होगी। प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अकेले पटाखे न बेचे जाएं। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि वाले पटाखों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दुकानों का नियमित निरीक्षण करने और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि पटाखे खुले और सुरक्षित स्थान पर वयस्कों की निगरानी में जलाएं। जलते पटाखों के पास पानी की बाल्टी रखें और फूटे हुए पटाखों को दोबारा जलाने का प्रयास न करें।

स्योहारा में पुलिस ने किया पैदल मार्च दुकानदारों को किया सावधान



स्योहारा (चिंगारी)।आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने स्योहारा पुलिस के साथ पैदल मार्च कर बाजारों की व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दिनों में पुलिस पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी होती है इसलिए सभी अनुशासित रहकर दिन रात महनत करे और त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराएं। आतिशबाजी कोई बाजारों में न बेचें उसके लिए निर्धारित स्थान है, वही आतिशबाजी बिकेगी।


पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों से मुलाकात की और पुलिस की कार्यशैली का फिडबैक लिया । दुकानदारों से कैमरे लगाने एंव जागरूक रहने के लिए कहा । इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल का सम्मान किया।

मैं खुद आपकी जागरूकता को परखने आऊंगा : सीओ



स्योहारा (चिंगारी)। जब पैदल गश्त करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्राफा बाजार पहुचे तो दुकानदारों को जागरूक रहने के लिए कहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि धनतेरस पर आपको जागरूक रहना है भीड़ आएगी और उसमे कुछ ठप्पेबाज भी आयेंगे। ऐसे में आपको किसी पर शक हो तो पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि वह खुद भी आपकी जागरूकता परखने के लिए आ सकते हैं। बाजार में त्योहारों के मददेनजर ई-रिक्शा पूर्ण रूप से बंद कर दी गयी है और पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

दिवाली पर क्यों होता है उल्लू की जान को ख़तरा?



उल्लू का फाइल फोटो

प्रकृति का संतुलनकर्ता कहा जाने वाला अद्भुत जीव उल्लू वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट के तहत शेड्यूल-1 के अंतर्गत आता है जिसके अनुसार टाइगर के समान उल्लू की सुरक्षा भी जरूरी हो जाती है। किसानों का दोस्त कहे जाने वाले उल्लू की जान को दीपावली के अवसर पर अधिक खतरा पैदा हो जाता है यही कारण है कि वन विभाग द्वारा दीपावली पर उल्लू की जान की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी कर अपरिहार्य कारणों के अतिरिक्त वनकर्मियों की छुट्टी तक भी रद्द कर दी जाती है।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में भी इस दौरान उल्लू की सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट जारी कर दिया गया है। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर का कहना है कि वनकर्मियों की टीम बनाकर गश्त बढ़ाने के साथ-साथ ट्रेप कैमरे वगैरा से निगरानी की बढ़ा दी गई है।

अंधविश्वास के चलते विशेषकर दीपावली पर की जाने वाली तांत्रिक प्रक्रिया के लिए उल्लू की जान को खतरा बढ़ जाता है। बताते हैं कि इस दौरान काले जादू या टोटके वगैरा के लिए उल्लू की हडडी, खून, पंख व पंजे आदि इस्तेमाल किए जाते हैं। उल्लू को अशुभ माना जाना भी एक मिथक है जबकि सच यह है कि उल्लू अशुभ नहीं बल्कि बुद्धिमत्ता का प्रतीक है। दीपावली पर उल्लू की पूजा किये जाने को लेकर भी शिकारी इसे हासिल कर महंगे दामों में बेचने की फिराक में रहते हैं।

कई प्रजातियां

भारत में उल्लू की कई प्रजातियां हैं जो सभी वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट के तहत शेड्यूल-1 में आती हैं जिनकी सुरक्षा टाइगर के सामान अनिवार्य है। उल्लू को पकड़ना, बेचना, मारना अथवा इसके पंख तक रखना अपराध है जिसमें भारी भरकम जुर्माने सहित सजा का प्रावधान है।

किसानों का मित्र है उल्लू

खेत, बाग, पुराने खण्डहर, जंगल व गांव के आसपास पीपल अथवा बरगद जैसे पेड़ों की खोखले तनों में मिलने वाला उल्लू रात का शिकारी है और मुख्यतः चूहे, छछूंदर, सांप आदि खाता है। जानकारी के मुताबिक नर-मादा उल्लू मिलकर जीवन भर में तकरीबन 25000 चूहे तक खा जाता है जिससे किसानों की फसल चूहों से सुरक्षित रहती हैं।

प्रस्तुति : एस एम असलम

'दिल की बात, अंकल धामी के साथ'

मुख्यममंत्री धामी ने प्रदेश के लगभग 8 लाख स्कूली बच्चों को किया संबोधित

देहरादून (चिंगारी)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास से 'दिल की बात, अंकल धामी के साथ' कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के लगभग 8 लाख स्कूली बच्चों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए त्योहारों के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व, स्वच्छता, सुरक्षा, पढ़ाई तथा भविष्य के लक्ष्यों को लेकर प्रेरक संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दिल की बात, अंकल धामी के साथ' कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के बच्चों के साथ निरंतर जुड़ाव बनाए रखना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें शिक्षा, संस्कृति, नैतिक मूल्यों और जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक



तकनीक के माध्यम से दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर प्रदेश के विभिन्न शहरों और गांवों में अध्ययनरत लाखों बच्चे एक साथ इस कार्यक्रम से जुड़े हैं।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून स्थित डिफेंस कॉलोनी पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के बड़े भाई स्वर्गीय श्री बृजमोहन सिंह रावत की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इकरा हसन को पश्चिमी यूपी में सपा का चेहरा बनाने की कोशिश

सहारनपुर (चिंगारी)। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच गठबंधन कायम होने के बावजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम नेतृत्व और मतदाताओं के बीच प्रभाव बढ़ाने की राजनीतिक कोशिशें तेज होती दिखाई दे रही हैं। कांग्रेस ने सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कैराना की सांसद इकरा हसन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रमुख चेहरे के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। इससे दोनों दलों के बीच क्षेत्रीय नेतृत्व को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। दोनों दलों के बीच आगामी विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर भी मतभेद की खबरें हैं। कांग्रेस अधिक सीटों पर अपना दावा जता रही है, जबकि सपा सीटों के बंटवारे में अपने संगठनात्मक आधार को प्राथमिकता देना चाहती है। एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्षी गठबंधन की रैली में अखिलेश यादव ने इकरा हसन को शीर्ष नेताओं के साथ मंच पर अगली पंक्ति में स्थान देकर उन्हें राजनीतिक महत्व देने के अपने रुख का संकेत दिया।

विद्यालय में हुई दीया और कलश सज्जा प्रतियोगिता





नांगल सोती (चिंगारी)। बुधवार को स्प्रिंग फील्ड सीनियर सेकेंडरी एकेडमी नयागांव (मंडावली) में आयोजित दीया और कलश सज्जा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कक्षा चार से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं ने अलग -अलग वर्गों की सज्जा प्रतियोगिता में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की मानसिक और कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है। एमडी कुलदीप सिंह ने कहा कि दीपावली प्रकाश का महापर्व है। जिस प्रकार दीये के प्रकाश से अंधकार दूर होता है, उसी प्रकार से शिक्षा के प्रकाश से अज्ञानता का नाश होता है। नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने दीये की आकृति में मानव श्रृंखला बनाकर सभी को अपने अंदाज में दीपावली की शुभकामनायें दीं।

तपराज सिंह ने आयोजित किया दीपोत्सव



नजीबाबाद (चिंगारी)। दीपावली के पावन पर्व के शुभ उपलक्ष्य में बुधवार को विकास खंड स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा 'भव्य दीपावली उत्सव कार्यक्रम' आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान 'बॉबी' की अध्यक्षता तथा प्रधान राजवीर सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रभारी, विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर उनका कार्यकाल बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री जी ने आपको भरपूर सम्मान दिया है, इसलिये आप सभी चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत दिलाकर उन्हें तीसरी बार प्रचंड बहुमत से मुख्यमंत्री बनाने में अपना यथासंभव योगदान दें। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि आप सभी ने उनके 5 साल के कार्यकाल को देखा है। यदि उन्होंने ठीक काम किया हो, तो आगे पुन: मौका देना और यदि काम ठीक न किया हो, तो आगे मौका मत देना। उन्होंने सभी को दीपोत्सव की बधाई देते हुए ईश्वर से कामना की कि प्रकाश का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आये। उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दीपावली के उपहार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे। गन्ना समिति नजीबाबाद के अध्यक्ष ब्रजकुमार, भूमि विकास बैंक नजीबाबाद के अध्यक्ष हेमेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, सरदार सतविंदर सिंह, इरफान प्रधान, प्रधान रूपराम प्रधान, एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, कृष्ण कुमार, सतीश चौहान, राजवीर सिंह चौहान, मुन्ने डायरेक्टर आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

जनता ने हल्ला बोला
डोनाल्ड ट्रंप का सिंहासन डोला



डोनाल्ड ट्रंप ज़हनी दीवालिए हैं तभी तो अच्छा खासा सत्ता में दोबारा आ गए थे, लेकिन विश्व बॉस बनने की होड़ में ईरान जैसे मुल्क जहां के लोग मौत को तकिए के नीचे रख कर सोते हैं, पर बिना वजह हमला करके उनको मार दिया जिनसे इरानियों का रूह का रिश्ता है और नतीजा ये हुआ कि पूरी दुनिया में उथल-पुथल मच गई और ईरान में तख्त पलट की बजाये गुरु चेलो का तख्ता पलट हो गया और बाकी चाहने वालों का सिंहासन डोलने लगा। **सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान** ने व्यक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका, ईरान जंग और रसिया, यूक्रेन जंग के नतीजे में हम आर्थिक तंगी और प्रदुषण की समस्या से जूझ रहे हैं, अगर आतिशबाज़ी का प्रयोग कम करके वो पैसा अपने परिवार की अन्य ज़रूरत पर खर्च करेंगे तो स्वस्थ भी रहेंगे और खुशियां भी मनाएंगे।

मधुमिता देशवाल को मिली पीएच डी की उपाधि



बिजनौर (चिंगारी)। इन्द्रलोक कालोनी निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुंवरदीप देशवाल की धर्मपत्नी एवं आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा. नरेन्द्र तोमर की सुपुत्री श्रीमती मधुमिता देशवाल को भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर द्वारा पीएच डी की डिग्री प्रदान की गई है। श्रीमती मधुमिता ने यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के करकमलो द्वारा उपाधि प्राप्त की। मधुमिता ने 'भारतीय राजनीति और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर शोध किया।

लंबी वार्ता के पश्चात, भाकियू का धरना समाप्त



शेरकोट (चिंगारी)। क्षेत्रीय किसानों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकट के बैनर तले शेरकोट स्थित सिंचाई उपखंड कार्यालय पर दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना सिंचाई विभाग के अधिकारियों और किसानों के बीच हुई लम्बी वार्ता के बाद बुधवार देर शाम समाप्त हो। प्रतिवर्ष कालागढ़ डाम से दीपावली के आसपास रामगंगा नदी में पानी छोड़ा जाता है। ये पानी नदी किनारे स्थित खेतों में भर जाने कारण फसले बर्बाद होने से किसानों को भारी नुकसान होता है। मंगलवार को इस बात से चिंतित किसानों द्वारा अपनी द्वारा अपनी की मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकेट के बैनर तले मुहल्ला शेरकोट स्थित सिंचाई उपखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। बुधवार की शाम सिंचाई विभाग के एक्सईएन रवि प्रकाश सिंह व जेई कमलेश कुमार अन्य कर्मचारियों के साथ धरना स्थल पर किसानों के बीच पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और मांगों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान किसानों ने मुख्य रूप से कम मात्रा में पानी छोड़े जाने और रामगंगा पुल के आसपास सहित नदी में जमा सिल्ट की सफाई कराने की मांग की । काफी देर तक चली वार्ता के बाद अधिकारियों द्वारा दोनों समस्याओ का निस्तारण करने का आश्वासन दिये जाने पर देर शाम सात बजे किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने कम मात्रा में पानी छोड़े जाने की मांग मान ली है, जबकि सिल्ट सफाई के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजने और किसानों का प्रतिनिधि मंडल मिलने की बात तय हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल धरना समाप्त कर दिया गया है। वार्ता के दौरान काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

सेंट मेरीज स्कूल में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समारोह का भव्य आयोजन

बिजनौर (चिंगारी)। सेंट मेरीज स्कूल में 3 नवंबर को 12वें इंटर स्कूल सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समारोह का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस समारोह में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के 31 विद्यालयों के 1083 प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए जुटे हैं। समारोह के अंतर्गत नृत्य, संगीत, नुक्कड़ नाटक, साहित्यिक एवं वक्तृत्व कला, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता सिंह, आई.ए.एस., मंडलायुक्त, मुरादाबाद मंडल तथा विशिष्ट अतिथि श्री उमेश प्रताप सिंह, आई.ए.एस., जिलाधिकारी, बिजनौर के साथ बिजनौर डायोसिस शिक्षा समिति के अध्यक्ष बिशप विंसेंट नेल्लैपरम्बिल, सचिव फादर जोमी जोस, समारोह संयोजक फादर जिंटो, विद्यालय प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज एवं प्रधानाचार्या सिस्टर लिन्सी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने आए विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था भी विद्यालय परिसर में की गई है। प्रधानाचार्या सिस्टर लिन्सी ने बताया कि 03 से 05 नवंबर तक चलने वाले इस समारोह में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यालय प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस आयोजन की सराहना की। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का विकास, आत्मिक उन्नति एवं नैतिक मूल्यों का निर्माण करना है। विद्यालय प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने सूचित किया कि समारोह के अवसर पर बिजनौर डायोसिस शिक्षा समिति द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2026-27 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सात मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समिति की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को 10,000 की नकद पुरस्कार राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में आई.सी.एस.ई. बोर्ड से सेंट मेरीज स्कूल, बिजनौर के ध्रुव चहल (98.20 प्रति.) तथा सेंट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल, श्रीनगर की नैसा घिल्डियाल (98.20 प्रति.) शामिल रहे। आई.एस.सी. बोर्ड के साइंस वर्ग में सेंट मेरीज स्कूल, बिजनौर की ख्याति गर्ग (99.25 प्रति.) तथा कॉमर्स वर्ग में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, कोटद्वार के माधव भाटिया (96.50 प्रति.) को भी यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में सेंट मेरीज इंटर कॉलेज, मंडावली की नेहा रावी (92.83 प्रति.) तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में इसी विद्यालय की अलीना खातून (87.20 प्रतिशत) एवं सिमरन अंसारी (87.20 प्रति.) को 10,000 की नकद पुरस्कार राशि एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, आई.एस.सी. बोर्ड की साइंस वर्ग की मेधावी छात्रा ख्याति गर्ग को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए फादर मैथ्यू परक्कल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बिशप जॉन वडक्कल, प्रोविंशियल सुपीरियर फादर बीजू वडक्कल एवं फादर फ्रांसिस सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



मंडलायुक्त को सम्मानित करते हुए फादर।

चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
5 नवम्बर 2026



स्पोर्ट्स



भारत ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया और सीरीज में बनाई बढ़त

ऑकलैंड (एजेंसी/चिंगारी)। अर्शदीप सिंह (चार विकेट), गुरनूर बराड़ (तीन विकेट) और अंशुल कम्बोज (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद विराट कोहली (74) और कप्तान शुभमन गिल (37) बदौलत भारत ने बुधवार को बारिश बाधित पहले एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। कोहली को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए गेम चेंजर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि कंबोज को उनकी अनुशासित गेंदबाजी 22 रन देकर दो विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कंबोज की गेंदबाजी की मदद से ही न्यूजीलैंड की टीम को 185 रनों पर रोका जा सका। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में काइल जेमीसन ने रोहित शर्मा को बिना खाता खोले ही कप्तान मिचेल सेंटनर के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जिन्होंने क्षेत्ररक्षण के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कैच पकड़े थे, कप्तान गिल के साथ पारी को संभाला। बारिश के कारण 11वें ओवर में पहली बार खेला रोका गया। उस समय भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 50 से अधिक रन बना लिया था। दूसरी बार जब खेल शुरु हुआ तो भारत को 40 ओवरों में 167 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। इसके बाद एक फिर बारिश शुरु होने पर खेल रोका गया। खेल दोबारा शुरु होन पर भारत को 32 ओवरों में 143 रनों का नया संशोधित लक्ष्य दिया गया।



दोनों बल्लेबाजों इसके बाद शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैदान के चारों ओर रन बटोरे। इस दौरान विराट कोहली ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना 80वां अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर नेथन स्मिथ ने शुभमन गिल को अपना शिकार बना लिया। शुभमन गिल ने 56 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 37 रन बनाये। अगले ही ओवर में जेकब डफी ने विराट कोहली को आउट कर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली 51 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में डफी ने अक्षर पटेल को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजकर भारतीय खेमे में हलचल मचा दी। इसके बाद जब भारत को जीत के लिए मात्र सात रनों की जरूरत थी डफी ने श्रेयस अय्यर (15) को आउट कर भारत का पांचवां झटका दिया। इस दौरान श्रेयस ने 13 गेंदों का सामना किया और एक चौका और एक छक्का जड़ा। 23वें ओवर की चौथी गेंद पर नमन धीर ने चौका लगाकर स्कोर पांच विकेट पर 143 रन कर भारत को पांच विकेट से जीत दिला दी। नमन धीर पांच और केएल राहुल तीन रन बनाकर नाबाद रहे।

न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी ने तीन विकेट लिये। नेथन स्मिथ और काइल जेमीसन को एक-एक विकेट मिला।

यहां इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने न्यजीलैंड को185 रनों के स्कोर पर समेट दिया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को पांचवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने विल यंग (नौ) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद नौवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने हेनरी निकल्स (नौ) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 15वें ओवर में गुरनूर बराड़ ने टिम साइफर्ट का शिकार कर लिया। साइफर्ट ने 43 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 38 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में बराड़ ने टॉम लेथम (तीन) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 27वें ओवर की पहली गेंद पर डैरिल मिशेल (28) रनआउट हुए।

महिला प्रीमियर लीग 2027 की शुरुआत 14 जनवरी से होगी



मुम्बई (एजेंसी/चिंगारी)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की शुरुआत 14 जनवरी से होगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना वडोदरा में मुंबई इंडियंस से होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को डब्ल्यूपीएल के पांचवें सीजन का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया। यह देश की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित टी-20 क्रिकेट लीग है। महिला प्रीमियर लीग सीजन के शुरुआती 11 मैच वडोदरा में खेले जाएंगे, जबकि अगले 11 मैचों की मेजबानी मुंबई करेगा, जिसमें सात फरवरी को होने वाला फाइनल भी शामिल है। डब्ल्यूपीएल की पांच टीमें - मुंबई इंडियंस , रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स , गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स लीग चरण के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी। यह चरण 3 फरवरी को समाप्त होगा। टॉप पर रहने वाली टीम सीधे 7 फरवरी को होने वाले डब्ल्यूपीएल 2027 के फाइनल में पहुंच जाएगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें फाइनल में जगह बनाने के मौके के लिए 5 फरवरी को एलिमिनेटर मैच खेलेंगी। डब्ल्यूपीएल 2027 का हर मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। पूरे सीजन में हर दिन केवल एक ही मैच खेला जाएगा।

रणजी ट्रॉफी : हर्ष दुबे के 14 विकेट का जलवा, कर्नाटक और गोवा की बड़ी जीत

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। रणजी ट्रॉफी के हालिया राउंड में बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे सबसे शानदार खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ विदर्भ की एक पारी और 20 रन की शानदार जीत में कुल 14 विकेट लिए। बुधवार को कर्नाटक, गोवा और उत्तराखंड ने भी बड़ी जीत दर्ज की।



दुबे ने मैच में 90 रन देकर 14 विकेट लिए - पहली पारी में 53 रन देकर 9 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट। उनकी इस शानदार गेंदबाजी की मदद से विदर्भ ने एलीट ग्रुप् में लगातार चौथी जीत हासिल की। विदर्भ की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि मध्य प्रदेश के पहली पारी के 209 रनों के जवाब में विदर्भ की टीम एक समय 87 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। कप्तान अक्षय वाडकर ने शतक (100 रन) लगाकर टीम को संभाला - यह उनके फर्स्ट-क्लास करियर का 12वां शतक था। वहीं, नचिकेत भुटे ने 97 रन और दर्शन नालकंडे ने 30 रन का योगदान दिया। पहली पारी में 125 रनों की बढ़त लेने के बाद, विदर्भ ने मध्य प्रदेश को दूसरी पारी में 105 रन पर समेट दिया। इस दौरान दुबे और उनके साथी बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाडे ने 5-5 विकेट लिए। एलीट ग्रुप बी में, कर्नाटक ने असम को एक पारी और 314 रनों से करारी शिकस्त दी और लगातार दूसरी बार बोनस अंक के साथ जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस गोपाल ने दूसरी पारी में 4 विकेट लिए, जबकि युवा ऑलराउंडर मनवंत कुमार ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एक और शतक जड़ा। 22 वर्षीय मनवंत ने अब तक खेले गए 3 मैचों में 2 शतक लगाए हैं और एक मैच में 5 विकेट भी लिए हैं। एलीट ग्रुप ए में गोवा ने बिहार को एक पारी और 177 रनों से हराया। बिहार की टीम पहली पारी में 107 रन और दूसरी पारी में 113 रन पर सिमट गई। गोवा के स्नेहल कौथांकर ने नाबाद 178 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कोरिया ओपन में एचएस प्रणय लगातार तीसरी बार पहले ही राउंड में बाहर

सियोल (एजेंसी/चिंगारी)। भारत के एचएस प्रणय कोरिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले ही राउंड से बाहर हो गए हैं। बुधवार को येओसु के जिन्नम स्टेडियम में उन्हें स्थानीय खिलाड़ी और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता यू ताए-बिन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर महिला वर्ग के अगले दौर में जगह बना ली है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और बैडमिंटन रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद प्रणय, बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल (राउंड ऑफ 32) मुकाबले में 47 मिनट के खेल के बाद 21-23, 15-21 से हार गए। हाल ही में हाइलो ओपन चैंपियन बने लक्ष्य सेन के टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के बाद, पुरुष एकल बैडमिंटन के मुख्य ड्रॉ में एचएस प्रणय भारत के एकमात्र प्रतिनिधि थे। इस हार के साथ, प्रणय इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर लगातार तीसरी बार पहले ही राउंड में बाहर हुए हैं। इससे पहले उन्हें हाइलो ओपन और आर्कटिक ओपन में भी इसी तरह के नतीजों का सामना करना पड़ा था। आज हुए मुकाबले में, प्रणय ने पहले गेम में 12-7 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 19-16 की बढ़त बना ली। हालांकि, यू ताए-बिन ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया।

भारत के पैरा आर्म रेसलर्स ने 47वीं वर्ल्ड आर्म रेसलिंग और 28वीं वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में 26 मेडल जीते

नयी दिल्ली(एजेंसी/चिंगारी)। भारत के पैरा आर्म रेसलर्स ने 47वीं वर्ल्ड आर्म रेसलिंग और 28वीं वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण, 10 रजत और 14 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीते। पैरा मेडल टैली में भारत जॉर्जिया, कजाकिस्तान, रूस और यूक्रेन के बाद पांचवें स्थान पर रहा। एक और दो नवंबर यहां आयोजित हुए प्रतियोगिता में सोमवार को राइट-आर्म (दाएं हाथ) स्पर्धा में वनरामंघाकी (स्टैंडिंग महिला 65 किग्रा, जिसमें एम. कविता ने कांस्य जीता) और आलोक इमैनुएल टॉम (स्टैंडिंग जूनियर बॉयज़ एम्प्यूटी 60 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। नौ भारतीयों ने दोनों हाथों की स्पर्धाओं में पदक जीते- ऐसिल्डा थाबाह (हियरिंग जूनियर गर्ल्स -50 किग्रा), आकांक्षा सोमानी (स्टैंडिंग महिला सेरेब्रल पाल्सी -60 किग्रा) और सिमरन राठौर (विजुअल जूनियर गर्ल्स 50 किग्रा) ने दो-दो रजत पदक जीते; प्रिस्का पिंगरोप (सिटिंग महिला -55 किग्रा) और सिनिटील्यूटमोन किमपट (हियरिंग महिला 70 किग्रा) ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।

31 की उम्र में भी 21 जैसा जोश- वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए तैयार हैं सिंधु



नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का मानना है कि उनके पास अभी भी शीर्ष स्तर पर बहुत कुछ देने के लिए बाकी है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने सीजन के आखिरी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है और यह साफ कर दिया है कि 31 साल की उम्र होने से उनके इरादों में कोई कमी नहीं आई है। रविवार को हाइलो ओपन सुपर 500 में इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी, फिलहाल वर्ल्ड टूर क्वालीफिकेशन रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं। चीन में 9 से 13 दिसंबर तक होने वाले सीजन के फाइनल मुकाबले में शीर्ष आठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। जर्मनी में मिली इस जीत से पहले, सिंधु ने जुलाई में जापान ओपन जीता था और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में वह उपविजेता रही थीं।

बिलाई शुगर मिल का गन्ना पेराई सत्र शुरू



हल्दौर (चिंगारी)। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की यूनिट बिलाई द्वारा आज नवीन गन्ना पेराई सत्र की विधि विधान के साथ औपचारिक शुरुआत कर दी गयी, जबकि मिल गेट पर तौल आगामी 11 नवंबर से शुरू होगी।

आज प्रात: 11 बजे बिलाई मिल के केन यार्ड में आगामी नवीन पेराई सत्र के लिये हवन पूजन कराया गया। जिसके मुख्य यजमान यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह रहे। पूजन पंडित नरेशचंद्र बलूनी द्वारा सम्पन्न कराया गया। उपस्थित सभी ने हवन कुंड में आहुति डालकर आगामी सीजन की सफलता की मनोकामना की। हवन पूजन के बाद विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह, गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ. नरेश कुमार आदि ने मिल की चेन में गन्ने की पूली डालकर नवीन पेराई सत्र के शुभारंभ की औपचारिकता की। मिल प्रशासन ने बताया कि नवीन पेराई सत्र के लिए आगामी 11 नवंबर से मिल गेट पर गन्ने की तौल शुरू होगी और मिल प्रारंभ हो जाएगी। इस अवसर पर चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी ओमवेश, ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह, गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, नामित संचालक वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, संचालक परमेंद्र सिंह, कैन हेड सुभाष सिंह, प्रोडक्शन हेड पंकज अग्रवाल, लैब हेड विजय वीर सिंह, एचआर हेड संजय गोयल, सेल्स हेड केके दीक्षित, स्टोर हेड नीरज कुमार, कपिल त्यागी एवं सभी अधिकारी व कर्मचारीगण और एहडीबी चेयरमैन चौ.राकेश कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौ.धर्मवीर सिंह, दुष्यंत प्रधान, संजीव सेठ जी, सूरज प्रधान, शोभित चौधरी, हेमेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

ब्लॉक प्रमुख ने कराया भंडारा



हल्दौर (चिंगारी)। ग्राम बिसाठ के सूर्य हवन कुंड मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन प्रयागराज से पधारे कथा वाचक पंडित आचार्य रोहित कृष्णम महाराज जी द्वारा उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए गए। इसके उपरांत ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की तादाद में स्त्री-पुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह, संजीव कुमार, राहुल सिंह, विकास कुमार, मनोज कुमार, पप्पू पंडित, भविष्य कौशिक, अमित कौशिक, श्रवण कुमार, तेजपाल सिंह, दारा सिंह, पीतम सिंह, रामेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रगणकों का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



सहसपुर (चिंगारी)। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना को लेकर नगर पंचायत सहसपुर के गणक हॉल में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए संबंधित टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत सहसपुर के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार एवं मुख्य लिपिक सलमान अली की मौजूदगी में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर संदीप कुमार एवं गौरव शर्मा ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारियां दीं तथा कार्य को सही एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर चार्ज अधिकारी दीपक कुमार सहायक चार्ज अधिकारी सलमान अली तथा जिला प्रभारी जे.पी. यादव सहित संबंधित टीम के सदस्य मौजूद रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर आगामी जनसंख्या गणना को पारदर्शी, सटीक एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है।

इंटरमीडिएट के छात्रों को वितरित किए मॉडल पेपर



रायपुर सादात (चिंगारी)। नगीना देहात क्षेत्र गांव कोटकादर में एमएम ग्रुप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहिद मलिक एवं जिला अध्यक्ष मुकीद मलिक के नेतृत्व में एमएम ग्रुप कार्यालय, कोटकादर पर गांव के इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मॉडल पेपर वितरित किए गए। कार्यक्रम में गड़मलपुर एसएसडी कॉलेज में अध्यापन कार्य करने वाले मोहम्मद नदीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए परीक्षा की तैयारी, समय का सदुपयोग, मेहनत और अनुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताईं। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहिद मलिक ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए, ताकि वह अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन कर सके। उन्होंने घोषणा की कि कक्षा 12वीं की परीक्षा के परिणाम आने के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित कुल 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में समीम अहमद, खुर्शीद सेफी, अमीर हसन, ताबिश मिर्जा, नफीस कुरैशी, राशिद शेख, सुल्तान भाई एवं मुकीम मलिक सहित एमएम ग्रुप के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एलआरडी में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



मण्डावर (चिंगारी)। LRD SVM INTER COLLEGE MANDAWAR BIJNOR THE CAMBRIDGE में कल प्रात:कालीन वन्दना वेला में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्री भूदेव सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक महोदय श्री भूदेव सिंह ने छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे। प्रश्नोत्तरी के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं तत्परता के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि सामान्य ज्ञान विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञान अर्जित करने की जिज्ञासा, तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करती हैं। विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार-पत्रों, पुस्तकों एवं समसामयिक घटनाओं का अध्ययन करना चाहिए, जिससे उनका ज्ञान निरंतर समृद्ध होता रहे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऐसी ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, उमंग एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों से परिपूर्ण रहा। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को भी नई दिशा प्रदान करती हैं।

सज गये बाजार, उमड़ रहे खरीदार



नहटौर (चिंगारी)। दीपावली पर्व के मद्देनजर नगर में बाजार पूरी तरह सज गया है। बाजार में झालर फैंसी और गिफ्ट आइटम दिखाई दे रहे हैं। सड़कों के किनारे बाजार खुल गए हैं। बाजार में ग्राहकों की भीड़ दिखाई देने से बाजार में रौनक प्रारंभ हो गई है। दीपावली का पर्व मनाने के लिए नगर में युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें मुख्य बाजार में सड़क के दोनों साइड में कुछ व्यापारियों ने फैंसी झालर, फ्रेम फोटो, इलेक्ट्रॉनिक आइटम को दुकानदारों ने सड़क पर लगा दिये हैं। बाजार में अच्छी खासी रौनक हो गई है। इलेक्ट्रॉनिक शोरूमों पर एलईडी, फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन आदि में, बाइकों के शोरूम पर भी भीड़ दिखाई देनी शुरू हो गई है। इस बार इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी पर अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है।

चार जनवरी 2027 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

12 नवंबर से 11 दिसंबर तक जुड़वा सकेंगे नाम, संशोधन और नाम कटवाने के लिए भी कर सकेंगे आवेदन

बिजनौर (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जिले के नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटना नहीं चाहिए और न ही किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल रहना चाहिए। इसके लिए सभी पात्र नागरिक निर्धारित अवधि में अपना नाम जुड़वाने और मतदाता सूची में त्रुटियों को ठीक कराने के लिए आवेदन करें।

कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डीएम ने बताया कि एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। इसके तहत 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक नाम शामिल कराने, संशोधन कराने और नाम हटवाने के लिए दावे एवं



आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी 2027 को होगा।

चार दिन चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान

निर्वाचन विभाग की ओर से छूटे हुए पात्र युवा मतदाताओं और उनके परिवार के सदस्यों के पंजीकरण के लिए नवंबर में चार दिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को विशेष शिविर आयोजित होंगे। इन दिनों पात्र युवा अपने बूथ पर पहुंचकर ऑफलाइन फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकेंगे।

अब तक मिले 45,715 फार्म-6

प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद 11 अप्रैल से छह नवंबर 2026 तक जिले में फार्म-6 के कुल 45,715 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, फार्म-7 के 14,777 और फार्म-8 के 39,545 आवेदन मिले हैं।

388 शिक्षण संस्थानों में बने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब

18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले की 388 शिक्षण संस्थाओं में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) का गठन किया गया है। इनके माध्यम से छात्र-छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में अभियान चलाकर पात्र युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है। कक्षा 11 और उससे ऊपर की कक्षाएं संचालित करने वाली शिक्षण संस्थाओं में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पोर्टल और श्वष्टड्ढह्वश्वञ्र ऐप के माध्यम से फार्म-6 भरकर मतदाता बनने की प्रक्रिया समझाई जाएगी। इसके लिए संस्थानों में उपलब्ध कंप्यूटर और ऑपरेटर की मदद भी ली जाएगी।

मतदेय स्थलों का होगा युक्तिकरण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत दो नवंबर तक मतदेय स्थलों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थीकरण किया जाना है। इसके बाद 12 नवंबर को एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन होगा। 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी तथा 28 दिसंबर तक उनका निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

जनगणना कार्य में भी सहयोग की अपील

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने लोगों से जनगणना के दूसरे चरण में भी सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिक गणनकों को सही जानकारी उपलब्ध कराते हुए उनका सहयोग करें। प्रेस वार्ता में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह सहित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं को मिलेगा मतदाता बनने का मौका

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरवाया जाएगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों के बीएलए भी मतदाताओं से फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 प्राप्त कर संबंधित बीएलओ को जमा करा सकेंगे। डीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो और कोई गलत नाम सूची में शामिल न रहे। अधिक से अधिक लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

सांसद ने साहनपुर में किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा साहनपुर के ईदगाह मैदान में क्रिकेट प्रीमियर लीग सी-2 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद व साहनपुर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सांसद ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। सांसद ने मैदान में बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट भी खेला। नजीबाबाद व साहनपुर की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। सांसद ने कहा कि खेलों से प्रतिभा का विकास होता है। खेलों में हमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि उनका लगातार प्रयास रहता है कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे। कार्यक्रम में सांसद को कई महापुरूषों के चित्र भेंट किये गये। सांसद का क्षेत्र के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर फहीम अंसारी एडवोकेट, नौशाद सरवरी, जावेद खान, फेजान, शमीम, आतिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

'गीत की लोक बांसुरी' पुस्तक का विमोचन



कवि इंद्रदेव भारती की पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारती काव्यम् साहित्यिक संस्थान नजीबाबाद के सभाकक्ष में जनपद बिजनौर के वरिष्ठतम गीतकार इंद्रदेव भारती के 81 लोकगीतों की पुस्तक 'गीत की लोक बांसुरी' का विमोचन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उनका 82 वां जन्म दिवस मनाया गया। कवयित्री सविता राठी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना उपरांत आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र के केंद्र निदेशक शोभित शर्मा, अध्यक्षता कर रहे लोकगीतकर कर्मवीर सिंह, संचालन कर रही कवयित्री श्रीमती सविता राठी व रचनाकार स्वयं इंद्रदेव भारती ने सम्मिलित रूप से गीत की लोक बांसुरी का विमोचन किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे ख्याति प्राप्त कवियों एवं कवयित्रियों अनिल शर्मा अनिल, नरेंद्रजीत अनाम, राजकुमार सिंह, आलोक त्यागी, दारा सिंह तोमर, रविंद्र कुमार, कर्मवीर सिंह, शुचि शर्मा, विनोद शर्मा, पूनम चौहान, अंजलि गोयल, फूल माला, नीमा शर्मा, सविता राठी व स्वयं इंद्रदेव भारती ने अपने-अपने गीतों का पाठ किया।

चंद्रशेखर ने किया चेयरमैन द्वारा बनवाए गए अम्बेडकर द्वार का उद्घाटन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा कोटद्वार रोड स्थित मंडी समिति के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से बना स्मृति द्वार का नगीना सांसद चन्द्र शेखर आज़ाद द्वारा लोकार्पण किया गया। उल्लेखनीय है कि नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा पूर्व में हरिद्वार रोड पर एक गेट वीर अब्दुल हमीद के नाम से झंडा चौक पर बनाया गया था, इसी क्रम में एक वेलकम द्वार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मृति द्वार के नाम से कोटद्वार रोड मंडी समिति के सामने बनाया गया। जिसका लोकार्पण बुधवार की शाम नगीना सांसद व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में नजीबाबाद व आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। द्वार के साथ एक खूबसूरत फाउंटेन भी बनाया गया। सांसद चन्द्रशेखर आज़ाद ने कहा कि नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा विकास के तहत कराए जा रहे कार्यों से नजीबाबाद की इसी तरह तरक्की करते रहे दुआ है। इस मौके पर सहल खान, हाजी इनामुलहक, पवन कुमार, अवधेश कुमार सैनी, विशेष कुमार, हेमंत कैसले, सुनील शर्मा, शानू सैफी, हाशिम अंसारी, राकेश जुनेजा, अजमल खान, हाजी शमीम कुरैशी, अदनान अंसारी, इमरान अंसारी, शुऐब, रिहान, सभासद कसीम अहमए एडवोकेट, इब्राहीम कुरैशी एडवोकेट, अब्दुल रहमान, रिजवान सभासद, इरशाद अहमद सभासद, ऋषिपाल सभासद, रईस सभासद सहित अन्य सभासद उपस्थित व शहर के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

शुक्रवार, 06 नवम्बर 2026

मेष- आज दिन अशुभ, सामयिक कार्यों में निराशा, विवादास्पद मसला उलझने की ओर, पठन-पाठन में अरुचि, वैचारिक, स्थिरता का अभाव, मान-सम्मान में कमी।

वृषभ- निराशा का सम्पन्न, लाभ का मार्ग प्रशस्त, किसी आयोजन में सम्मिलित लोने का सुअवसर, बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान, मानसिक शांति।

मिथुन- कठिनाइयों में कुछ कमी, स्वजनों परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, जनकल्याण की भावना जागृत, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, यात्रा सुखद।

कर्क- विचारित कार्यों में प्रगति, जनसम्पत्ति विषयक समला सुलझने की ओर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, विवाद समापन पक्ष में, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

सिंह- योजना आरम्भ का प्रयास असफल, मित्रों से मतभेद, भौतिक सुख में कमी, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, वाद-विवाद में अड़चने, कर्ज से परेशानी।

कन्या- सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, कार्य व्यवसाय में प्रगति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, आवागम में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति।

तुला- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, जनसम्पर्क का सुयोग, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक शांति, परोपकार की भावना जागृत।

वृश्चिक-दिनशुभ, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, शुभ कृत्य सम्पन्न, जीवन में सुख शांति का वातावरण, सद्विचारों का उदय।

धनु- कार्य व्यवसाय में निराशा, दुरुचार्य में अरुचि, लापरवाही से हानि, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संदेह, वाद-विवाद से अड़चने, मानसिक उलझने, सतर्कता अपेक्षित।

मकर- वाकपटुता से कार्य सिद्धि, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, विविध पक्षों में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, लाभ का सुयोग।

कुम्भ- मित्रों-परिजनों से सहयोग, शुभ-भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, जटिल समस्याओं का समाधान, मांगलिक आयोजन सम्पन्न

मीन- इच्छित योजना का शुभारंभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, विशिष्ठ जनों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, दाम्पत्य सुख।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

नन्हे हाथों से मिट्टी में जान फूंक देता है राघव, बोल उठती हैं मूर्तियां

-डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता



हीमपुर दीपा (चिंगारी)। कहते हैं कि प्रतिभा किसी साधन या सम्पन्नता की मोहताज नहीं होती। अभावों के बीच भी वह अपनी मंजिल खुद ही खोज लेती है। ऐसा ही एक उदाहरण क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में देखने को मिला है, जहां एक बाल कलाकार मिट्टी और चार्ट पेपर के माध्यम से अपनी अद्भुत हस्तकला का प्रदर्शन कर रहा है। अपनी नन्ही-नन्ही उंगलियों से सोंधी-सोंधी मिट्टी को गूथंकर उसमें जान फूंक देता है। इसके अलावा चार्ट पेपर पर किसी भी व्यक्ति का चित्र उकेरना उसकी प्रतिभा को दर्शाता है, जिसे देख सभी आश्चर्यचकित हैं। थाना क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव की हरिजन बस्ती निवासी मुकेश कुमार का 11 वर्षीय पुत्र राघव अपनी पांच बहनों का छोटा लाडला भाई है। वह दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में कक्षा 6 में पढ़ता है। राघव ने बताया कि उसे बालपन से ही कागज पर चित्र बनाना अच्छा लगता था। धीरे-धीरे मिट्टी से भी उसका लगाव होने लगा। फिर क्या था उसने मिट्टी से अब तक भगवान श्री गणेश भगवान, श्री राम, लक्ष्मी, माता शेरावाली, मां सरस्वती, भगवान भोले शिव शंकर, कार्तिकेय, काली मां, डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत रविदास, वीर हनुमान सहित अनेक मूर्तियां बनाईं और उनमें रंग भरकर सजीव रूप दिया। इस दौरान उसने चार्ट पेपर पर उकेरा गया अपने पिंकू चाचा का चित्र भी दिखाया। उसका कहना है कि लोग उससे मूर्तियां भी ले गए हैं, कुछ ने तो उसे बदले में पैसे भी दिए, जबकि पढ़ाई के दबाव के चलते अधिकतर उसकी मूर्तियां तोड़ दी गईं, लेकिन उसने कभी हार नहीं मानी। दीपावली के त्यौहार पर अब फिर मां लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्ति बनाने का उसका लक्ष्य है। सीमित संसाधन होने के बावजूद बस्ती की तंग गलियों में रहने वाले इस बाल कलाकार की काफी चर्चाएं हैं, क्योंकि उसकी बनाई मूर्तियों में सादगी और श्रद्धा भाव मिलता है। यह बाल कलाकार मिट्टी की नक्काशी के साथ पेपर पर भी अपना हुनर दिखा रहा है। वह किसी भी व्यक्ति या महापुरुष के चित्र या आकृति को जैसे देख लेता है उसे उसी रूप में उकेर देता है, जो उसकी दूरदर्शिता को दर्शाता है। इस प्रतिभाशाली बालक को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग और प्रोत्साहन की सख्त जरूरत है। अगर इस नन्हे शिल्पकार को सही मार्ग निर्देशन मिला, तो यह बालक एक रोज अवश्य नाम रोशन करेगा।

डबल ए ग्रेड से सम्मानित किया



हल्दौर (चिंगारी)। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के वार्षिक निरीक्षण में पीएनबी ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर (आरसेटी) के निर्धारित लक्ष्यों को सर्वाधिक उपलब्धि के साथ डबल ए ग्रेड से सम्मानित किया गया। वार्षिक निरीक्षण में संस्थान पर पहुंचे बिहार राज्य के यूको बैंक भागलपुर आरसेटी के निदेशक ग्रेडिंग अधिकारी आनंद कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने संस्थान का निरीक्षण किया। गत वर्ष से सम्मानित होती आ रही ग्रेडिंग को संस्थान ने इस वर्ष भी डबल ए ग्रेड से सम्मानित होकर जिले की गरिमा को बनाए रखा है। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने वार्षिक निरीक्षण में प्रथम ग्रेड को बनाए रखने में अपनी कर्तव्यनिष्ठा, आत्मनिर्भरता व लगन से कार्यों को सुचारू रूप प्रदान किया। इस वार्षिक निरीक्षण में अग्रणी जिला प्रबंधक बिजनौर से अखिल कुमार सिंह व मुख्य चीफ सुरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। वार्षिक निरीक्षण को सफल बनाए रखने में आरसेटी सदस्यों संगीता रानी, विकास सिंह, कार्यालय सहायक कविता पाल, अमित कुमार, आदेश पालक, प्रदीप कुमार, रिक्की बागड़ी व रजनी आदि का कर्तव्यनिष्ठा से विशेष सहयोग रहा है।

सेंसेक्स आधा फीसदी उछला, आईटी कंपनियों में बिकवाली

मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)। घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स आधा फीसदी की बढ़त में बंद हुआ, हालांकि आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स करीब 65 अंक गिरकर 76,853 अंक पर खुला, लेकिन तुरंत हरे निशान में आ गया। दोपहर होते-होते कुछ देर के लिए एक बार फिर यह लाल निशान में गया, लेकिन बाद में 383.55 अंक (0.50 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 77,301.40 अंक पर बंद हुआ, जो 26 अगस्त के बाद का इसका अधिकतम स्तर है। बीच कारोबार में यह ऊपर 77,396.04 अंक और नीचे 76,604.85 अंक तक गया।

भरोसा रखें किसान, बिलाई मिल दिवाली से पहले करेगी 8 करोड़ का भुगतान

सांसद चंद्रशेखर ने अधिकारियों को बुलाकर बात की



धामपुर (चिंगारी)। बिलाई शुगर मिल से जुड़े गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का मामला लगातार उठने के बाद अब मिल प्रबंधन ने दीपावली से पहले किसानों को आठ करोड़ रुपये का भुगतान करने का भरोसा दिया है। इसके अलावा शेष बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान शुगर मिल चालू होने के दो दिन के भीतर करने की बात कही गई है। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने धामपुर स्थित अपने आवास पर मिल प्रबंधन के अधिकारियों से मुलाकात कर भुगतान की स्थिति की जानकारी ली और किसानों का बकाया जल्द से जल्द दिलाने पर जोर दिया। जानकारी के अनुसार, बिलाई शुगर मिल से जुड़े किसानों ने पिछले दिनों सांसद चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात कर लंबे समय से लंबित गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाया था। किसानों ने बताया था कि भुगतान न होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली का त्यौहार नजदीक होने के चलते किसानों को घरेलू जरूरतों और त्यौहार की तैयारियों के लिए पैसों की आवश्यकता है।

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने करीब डेढ़ महीने पहले शुगर मिल के जीएम और एचआर को अपने आवास पर बुलाकर बकाया भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए थे। उस समय मिल अधिकारियों ने सांसद को आगामी 20 नवंबर तक किसानों का गन्ना भुगतान दो चरणों में पूरा करने का आश्वासन दिया था।

इसी क्रम में सांसद ने अब एक बार फिर धामपुर स्थित अपने आवास पर शुगर मिल प्रबंधन तंत्र के अधिकारियों से मुलाकात कर भुगतान की प्रगति की जानकारी ली। बातचीत के दौरान मिल अधिकारियों ने बताया कि दीपावली से पहले किसानों के खातों में आठ करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया जाएगा। वहीं, शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू होने के दो दिन के भीतर शेष बकाया भुगतान भी करने का भरोसा दिलाया।

दीनी जलसे में की गई कुरआन हाफ़िज़ बच्चों की दस्तारबंदी

बच्चों की दीनी व दुनियावी तालीम जरूर दिलायें : मौलाना ख़ालिक़

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव बिशनपुरा उर्फ बिड़रा के मदरसा मारफ़ु उल उलूम में दस्तारबंदी का जलसा आयोजित किया गया। जलसे का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से कारी सईदुर्रहमान ने किया। सदारत हज़रत मौलाना शौकत ने की। जलसे को हज़रत मुफ्ती खालिक मेरठी ने खिताब फरमाते हुए कहा कि इस्लाम मजहब मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देता है। इसलिए मुसलमानों से अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाएं, ताकि आगे चलकर अपनी आखिरत व दुनियावी जिंदगी के साथ-साथ अपने मुल्क का नाम रोशन कर सकें। बगैर पढ़ा लिखा इंसान दुनिया के अंदर अधूरा होता है। इसलिए हम सब अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम दिलाएं और उनकी परवरिश अच्छी तरह से करें। उन्होंने फ़रमाया कि आज मुस्लिम समाज के अंदर बहुत सारी बुराइयां पैदा हो चुकी हैं, क्योंकि मुसलमान अपने नबियों का तरीका भूल चुका है, इसीलिए दुनिया में सबसे ज्यादा परेशान मुसलमान है। मुसलमान अपनी जिंदगी झूठ फरेब पर गुजार रहा है। हम अपने बच्चों को झूठ बोलने से मना करें, क्योंकि झूठ बोलने वाले की जिंदगी तबाह और बर्बाद हो जाती है और अल्लाह के नजदीक भी गुनाह होता है। उन्होंने कहा कि अपने देश के सभी धर्मों के लोग भाईचारे के साथ रहें और अपने मुल्क की हिफाजत के लिए हर वक्त एक साथ खड़े होकर पड़ोसी मुल्क को मुंहतोड़ जवाब दें। मुस्लिम समाज अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर आर्मी में भेजें ताकि अपनी सरहद पर खड़े होकर अपने मुल्क की हिफाजत कर सकें। ज्यादातर मुसलमान अपने बच्चों को आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर बनाएं, जिससे आगे चलकर अपने मुल्क की खिदमत कर सकें। इस मौके पर कारी शमशाद अहमद मुफ्ती शादाब, ग्राम प्रधान दिलशाद अहमद अंसारी, ग्राम प्रधान फुरकान अहमद अंसारी, कारी रियाज मुफ्ती अकील अहमद आदि मौजूद रहे।


जलसे को ख़िताब करते मौलाना ख़ालिक़ मेरठी।

केजीबीवी में छात्राओं ने दीपोत्सव मनाया


केजीबीवी कल्लूवाला में रंगोली बनाती छात्राएं।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) कल्लूवाला में शिक्षिकाओं संग छात्राओं ने दीपावली सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर छात्राओं के बीच रंगोली व दीया प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दीपोत्सव के दौरान छात्राओं ने आतिशबाजी का जमकर आनंद लेते हुए इस दीपोत्सव पर अपने-अपने विचार भी व्यक्त किए। छात्राओं संग वार्डन क्षमा शर्मा सहित कौशल, जॉनी, अंकिता व लता रानी आदि मौजूद रहीं।

क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य बने भूपेन्द्र रविदास

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति एवं भाजपा (अनु. मो.) के प्रदेश अध्यक्ष अशोक रावत व क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर की संस्तुति पर अफजलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत केहरीपुर जंगल के प्रधानपुत्र युवा भाजपा नेता भूपेंद्र रविदास को भाजपा (अनु. मोर्चा) की पश्चिम- क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है जिसे लेकर क्षेत्र के भाजपाइयों विशेषकर दलित समाज के अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। अपने मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भूपेंद्र रविदास ने पार्टी की आशा के अनुरूप कार्य करने का संकल्प दोहराया है।



भूपेंद्र रविदास

कार्यकर्ता चुनाव के लिए रहें तैयार, बनेगी समाजवादी सरकार

चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता सरिता सैनी की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बुधवार को नगर के स्याऊ

सरिता सैनी ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन

रोड स्थित रेस्टोरेंट में वरिष्ठ नेता हाजी मोहसिन अंसारी की अध्यक्षता एवं शेख इजमाल अहमद के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही सरिता सैनी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसको भी टिकट देकर उम्मीदवार बनाएगी, पूरी ईमानदारी व जीजान के साथ उसका चुनाव लड़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतारा तथा क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधायक बनाकर सेवा का मौका दिया तो क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगी। कार्यक्रम में राजकुमार यादव, शकील पहलवान, हाजी सदाकत अली, अमित यादव, मौ. यूनुस ताऊ, अबरार अहमद, मांगेराम सैनी, बब्लू प्रधान, मौ. राशिद, मोमिन खान, जुलफुकार अहमद भूरे, नफीस सैफी, रईस अहमद, रूपराज सिंह चौहान, संजय यादव, नेनपाल सिंह, जितेन्द्र यादव, राकेश सैनी, मौ. फरमान, मौ. अज्जू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में सरिता सैनी द्वारा वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं व पत्रकारों को सम्मानित किया गया।



ऑटो रिक्शा में टक्कर लगने से युवक घायल

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम सौफतपुर के निवासी अरुण कुमार की पत्नी की चंदक के एक हॉस्पिटल में 5 दिन पूर्व डिलीवरी हुई थी। बुधवार को उसकी पत्नी हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने पर एम्बुलेंस द्वारा घर जा रही थी, जबकि अरुण पीछे-पीछे बाइक से आ रहा था। अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे जब वह बरकातपुर चौराहे के समीप स्थित पेट्रोल पम्प के सामने पहुंचा, तो उसकी तेज रफ्तार बाइक की टक्कर आगे जा रहे ऑटो रिक्शा से हो गई। इससे अरुण (26 वर्ष) पुत्र मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका बायां पैर टूट गया है तथा सिर में व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें लगी हैं। डायल 112 की पीआरवी ने घायल को तुरंत पीएचसी चंदक पहुंचाया।

जाल कारोबारी का बुखार से इंतकाल

नीन्दडू (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम मौ. अलीपुर भिक्कन निवासी और जाल के मशहूर कारोबारी मौ. आबाद जाल वालों का मंगलवार की रात को दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों का घर पर तांता लग गया। मौ. आबाद को चार दिन पहले तेज़ बुखार हुआ था। सुधार न होने पर आबाद को दिल्ली के अस्पताल में ले जाया गया, परन्तु नहीं बचाया जा सका और मंगलवार की रात में निधन हो गया। बुधवार को बाद नमाज़ ज़ोहर सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जिसमें मुख्य रूप से आज़ाद समाज पार्टी चीफ एवं नगीना लोकसभा सांसद चन्द्रशेखर आज़ाद, धामपुर बीजेपी विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र प्रियंकर राणा, पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान के सुपुत्र अमित प्रताप, पूर्व राज्यमंत्री हाजी नईमुलहसन, धामपुर विधानसभा क्षेत्र के आगामी आसपा उम्मीदवार जावेद अली खान, जिला पंचायत सदस्य आलोक भारती, हाजी अब्दुल कलाम, शमीम फलवाले आदि बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और दुआएं मग़फ़िरत कीं।

ब्याज माफ़ी योजना का लाभ उठायें व्यापारी - संदीप वर्मा

अफजलगढ़ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों एवं करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से वैट मूल्य वर्धित कर बकायेदारों के लिए संचालित ब्याज माफी योजना के तहत दिसंबर 2025 तक के बकाया वैट कर के मामलों में निर्धारित शर्तों के अनुसार बकाया मूल कर जमा करने पर ब्याज में शत-प्रतिशत छूट का लाभ दिया जाएगा। बुधवार को नगर की श्री सनातन धर्मशाला में आयोजित बैठक में पधारे विभाग की ओर से डिप्टी कमिश्नर संदीप वर्मा ने बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य पुराने कर बकाया मामलों का निस्तारण कर करदाताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक करदाताओं को 16 जनवरी 2027 तक अपना बकाया मूल कर जमा करना होगा। इसके साथ ही निर्धारित विभागीय प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। समय सीमा के भीतर आवेदन और कर जमा करने वाले पात्र करदाता ही योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बकायेदारों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपने बकाया कर का विवरण प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करें और उत्तर प्रदेश सरकार की इस ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर विभाग की ओर से डिप्टी कमिश्नर संदीप वर्मा, सहायक आयुक्त आशुतोष सिंह, कर अधिकारी मुश्ताक अहमद एवं एवीएम अंकित आर्य, कर अधिवक्ता प्रमोद बजाज, व्यापारियों की ओर से सुनील कुमार जैन, श्रवण कुमार अग्रवाल, आबिद अली, जाहिद खान, निर्मल चिलवाल, जाकिर अहमद सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।


व्यापारियों के समक्ष अपनी बात रखते संदीप वर्मा।

तेज रफ्तार बोलेरो ने रिक्शा में मारी टक्कर

रिक्शा चालक समेत दो गंभीर घायल

घटना के बाद बोलेरो छोड़कर चालक फरार

मंडावर (चिंगारी)। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर बुधवार देर शाम तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने एक रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा चालक सहित रिक्शे में सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रिक्शा चालक जावेद महिगीर बुधवार देर शाम बिजनौर रोड स्थित बंधन बैंकेट हॉल से एक बुजुर्ग सवारी को लेकर दयालवाला अड्डे की ओर जा रहा था। जैसे ही उसका रिक्शा मंडावर के मुख्य बस स्टैंड पर पहुंचा, तभी चंदक की ओर से तेज गति से आ रही बोलेरो गाड़ी ने रिक्शे में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिक्शा चालक जावेद महिगीर और



रिक्शे में सवार अमीर शाह पुत्र जमीर शाह निवासी मोहल्ला कस्साबान, मंडावर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों घायलों को आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर पहुंचाया गया। वहां बुजुर्ग अमीर शाह की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेरठ रेफर कर दिया। उधर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची और बोलेरो गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि, हादसे के बाद उसका चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बोलेरो की टक्कर से रिक्शा चालक सहित दो लोग घायल हुए थे, जिन्हें रात में ही जिला अस्पताल भिजवा दिया गया था। बोलेरो गाड़ी पुलिस के कब्जे में है। मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के आधार पर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर्व के मद्देनजर चलाया सघन चैकिंग अभियान



नगीना रेलवे स्टेशन पर जांच करती बम निरोधक दस्ता टीम।

नगीना (चिंगारी)। दीपावली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बम निरोधक दस्ता टीम प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में पुलिस और एलआईयू टीम ने नगर के प्रमुख स्थानों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया। टीम ने होटल, बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। टीम ने चैकिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की जांच की। होटल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। टीम ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। चैकिंग अभियान में टीम प्रभारी श्रवण कुमार, सागर राणा, शुभम पंवार, स्थानीय पुलिसकर्मी एवं एलआईयू टीम के सदस्य अमित कुमार शामिल रहे।

रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और होटलों पर की जांच

भाजपा नेता अरविंद गहलौत का स्वागत किया



अरविंद गहलौत का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

नगीना (चिंगारी)। भाजपा नेता अरविंद गहलौत का प्रदेश कार्य समिति में मनोनयन होने के बाद लखनऊ से नगीना लौटने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। बुधवार की दोपहर क्षत्रिय नगर में हुए स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रमोद कुमार गहलौत, चंद्रमणि गहलौत, अनमोल गहलौत, चन्द्राश गहलौत, कश्मीरी लाल मल्होत्रा, मुकेश कुमार कर्णवाल, दीपांशु कर्णवाल आदि मौजूद रहे।

किरतपुर पहुंचने पर सांसद चन्द्रशेखर का जोरदार स्वागत

किरतपुर (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद कल रात 8 बजे किरतपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता मुदस्सिर जमा खान के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सांसद के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। मुदस्सिर जमा खान, उनके परिजनों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान किरतपुर एवं आसपास के क्षेत्रों की जनसमस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद चंद्रशेखर ने



कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी शोषितों, वंचितों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। जनता ने जो विश्वास और जिम्मेदारी सौंपी है, उसके अनुरूप क्षेत्र के विकास और अधिकारों के लिए सदन से सड़क तक आवाज उठाई जाएगी। मुदस्सिर जमा खान ने सांसद के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनगणना में दें सही जानकारी

इसी से होंगे आंकड़े जारी

अफजलगढ़ (चिंगारी)। प्लस प्वाइंट तंजीम के चेयरमैन शमीम अहमद (भट्ठे वालों) ने जनगणना 2027 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सभी नागरिकों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया चलेगी। इसके तहत नागरिक ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक जनगणनाकर्मी घर-घर पहुंचकर मकानों और परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियां एकत्र करेंगे। शमीम अहमद भट्टे वालों ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का वास्तविक आंकड़ा तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सरकार इन्हीं आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी सुविधाओं से जुड़ी विकास योजनाएं तैयार करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को जनगणना के दौरान सही और पूरी जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। किसी भी प्रकार की गलत या अधूरी जानकारी से सरकारी आंकड़ों की वास्तविकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए परिवार के सभी सदस्यों को इस कार्य के प्रति गंभीरता दिखानी चाहिए।



गंगा बैराज पर किया गया गंगा आरती का विशाल आयोजन



छाछरी मोड (चिंगारी)। गंगा समग्र संगठन और नमामि गंगे कार्यकर्ताओं के द्वारा गंगा बैराज पर गंगा आरती का विशाल आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी सीडीओ रहे। इस अवसर पर उन्होंने गंगा हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं और उसकी सहायक नदियां हमारी सब की जीवन धारा है। हम सब देशवासियों को मिलकर अपनी नदियों को स्वच्छ बनाना है और न प्रदूषण करना है और न करने देना है। हमारी नदियां बचेंगी तभी जीवन बचेगा। जल ही जीवन है। जल के बिना किसी का जीवन भी संभव नहीं है। भारत सरकार ने भी विगत वर्षों में 4 नवंबर को मां गंगा को राष्ट्रीय धरोहर और राष्ट्रीय नदी के रूप में मान्यता प्रदान की है। इसलिए हर वर्ष 4 नवंबर को हम सब मां गंगा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर गंगा समग्र संगठन के भाग संयोजक बृजपाल सिंह, देवेश चौधरी, लाला कौशल अग्रवाल, समरपाल सिंह, छकेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, उमेश पाल, महाशय रविंद्र सिंह आर्य, राजकुमारी, सविता अग्रवाल, मूलचंद सिंह आदि मां गंगा भक्त उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया ने दीपोत्सव मनाया सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में धमाल मचाया

धामपुर (चिंगारी)। रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा मंगलवार को दीपावली मिलन समारोह का प्रोग्राम विराट मंडप में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी रोटरी परिवारों ने रोटरी व्हील पर दिया जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। उसके बाद सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये गये और देश के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान गाया। हिमांशी शर्मा एवं अश्मीन कौर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। लवलीन द्वारा पंजाबी नृत्य, अविका माहेश्वरी, कवलीन चावला और संदीप चौहान ने डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद सलूजा इवेंट के कलाकारों की शानदार नृत्य की प्रस्तुति ने धूम मचा दी। हनुमान चालीसा पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण को भक्ति मय बना दिया ।

इस अवसर पर डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. एनपी सिंह, एसपी सलूजा, विपिन मिश्रा, अनुपम अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, सतपाल चावला, संजय वर्मा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. राजमोहन, विवेक अग्रवाल, गोल्डी गर्ग, ललित गर्ग, मुकुल सिंह, प्रांजल रस्तोगी, प्रतीक अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, शिवम नंदा, कुलवंत सिंह, डॉ. पुलकित महेश्वरी, डॉ. निक्षित, तरुण शर्मा, सौरभ महेश्वरी, सौरभ मित्तल, अक्षय माहेश्वरी आदि रोटेरियन मौजूद रहे। मंच का संचालन मनीष गर्ग एवं गगनदीप सिंह द्वारा किया गया। समारोह के समापन पर अध्यक्ष गगनदीप सिंह, सचिव गुरदीप सिंह चावला, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मोहसिन जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। मैंने इससे पूर्व 2021 में मौखिक तौर से संबंध विच्छेद कर लिये थे। अब मैं लिखित तौर से अपने पुत्र से संबंध विच्छेद कर रहा है और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी गलत कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

रईस अहमद पुत्र अब्दुल गफूर निवासी ग्राम रामपुर दासपुर उर्फ पटपड़ा, थाना नगीना, जिला बिजनौर

आवश्यक सूचना

मेरी एक सम्पत्ति जिसका खसरा संख्या 113 स्थित ग्राम इब्राहीमपुर जमालुददीन, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, जिसकी सीमाये उत्तर चकरोड बादहू खसरा संख्या 109, 110, 111, दक्षिण जाली तथा पूरब राजमार्ग पश्चिम सम्पत्ति जिसकी संख्या 115 अन्य व्यक्तियों की उक्त सम्पत्ति के संबंध में न्यायालय सिविल जज सी.डि. बिजनौर के न्यायालय में वाद संख्या 644/2026 मिन्हाज अहमद बनाम अखलाक अहमद आदि विचाराधीन है, जिसमें 06-12-2026 की तिथि नियुक्त है। उक्त सम्पत्ति विवादित है, यदि कोई व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को क्रय करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-मिन्हाज अहमद पुत्र जमीरुददीन, निवासी वार्ड नं. 9 संत पूर्व नौतन दूबे, पश्चिमी चम्पारन बिहार पिन नं. 845438**

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

कम्पोजिट विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर लगाया कम उम्र में शादी होने पर हानियों के विषय में बताया

धामपुर (चिंगारी)। विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद बिजनौर के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय मिलक जहांगीराबाद,खण्ड विकास अल्हैपुर में किया गया। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह ने कहा कि विवाह उम्र लड़कियों के लिए 18 वर्ष लड़को के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। यदि इससे कम उम्र में शादी की जाती है तो उनके शरीर व मस्तिष्क दोनों को गंभीर और घातक खतरे की ओर धकेल दिया जाता है। शिक्षा के अधिकार का हनन होता है जिससे बच्चे अनपढ़ व अकुशल रह जाते हैं। बड़े होकर आर्थिक रुप से परेशान रहते हैं, असामाजिक कार्यों में लिप्त हो सकते है। जागरुक जनों को इस सामाजिक कुरीति को रोकने लिए प्रयास करने चाहिए। इसकी सूचना टोल फ्री न0 1098,181,112 पर दी जाती है। बाल विवाह कराने वालों/सहयोग करने वालों को 2वर्ष के कारावास व एक लाख जुर्माने का प्रावधान है। इस शिविर में विधालय के छात्र छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

पंजाबी कॉलोनी के सामने स्पीडब्रेकर बनवायें



स. सतवीर सिंह सलूजा ने दिया मांग-पत्र

धामपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष स. सतवंत सिंह सलूजा ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, को ज्ञापन देकर धामपुर में पंजाबी कॉलोनी के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि धामपुर के नगीना चौराहे से रोडवेज बस स्टैंड तक की मुख्य सड़क पर कई स्कूल और बैंक स्थित हैं। यहां दिनभर भारी वाहनों का आवागमन रहता है। बसों, कारों और मोटरसाइकिलों द्वारा तेज गति से वाहन चलाने के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इसी सड़क पर पाश इलाके मे स्थित पंजाबी कॉलोनी के नागरिक भी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं। मुख्य मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्कूली बच्चों और पैदल यात्रियों के लिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इस संबंध में स. सतवंत सिंह सलूजा ने विभाग से मांग की है कि जनहित और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पंजाबी कॉलोनी, धामपुर के सामने शीघ्र स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए।

कृष्णा कॉलेज बिजनौर ने विजेता का जीता खिताब



आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न।

धामपुर (चिंगारी)। आरएसएम कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयी पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की तथा संयोजन क्रीड़ा सचिव डॉ. जितेंद्र चौधरी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि भूपेंद्र चौहान (बॉबी), जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, बिजनौर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व है। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत पहला मैच आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर एवं वर्धमान

जीजेयू की अन्तर्महाविद्यालीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

कॉलेज, बिजनौर के बीच खेला गया, जिसमें आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25-09 एवं 25-24 से जीत दर्ज की।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला कृष्णा कॉलेज, बिजनौर एवं साहू जैन कॉलेज, नजीबाबाद के बीच हुआ, जिसमें कृष्णा कॉलेज, बिजनौर की टीम ने 25-19 एवं 25-19 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर एवं कृष्णा कॉलेज, बिजनौर की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया। रोमांचक मुकाबले में कृष्णा कॉलेज, बिजनौर की टीम ने 25-20 एवं 25-23 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, जबकि आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. सौराज सिंह, प्रो. रमाकांत सिंह, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, डॉ भावना वत्सल, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद एवं क्रीड़ा समिति के सदस्य प्रो. अलका राय, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. विनय दुआ, डॉ. दीप सौरव, राजेन्द्र चौधरी, डॉ रविंद्र भारद्वाज, दीपा रानी, सुंदर बिष्ट सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के संचालन में अजीत सिंह, दीपक चौधरी, दीपू चंद एवं शुभम कुमार ने रेफरी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बापूग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग को लेकर इंकाइयों ने किया धरना-प्रदर्शन

ऋषिकेश (चिंगारी)। ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल की 633 एकड़ भूमि के कथित बंदरबांट, वन विभाग द्वारा बापूग्राम क्षेत्र की जनता को बेदखली के नाम पर परेशान किए जाने तथा बापूग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा 'भूमि बचाओ धामी हटाओ अभियान' के तहत आईडीपीएल मुख्य द्वार, हरिद्वार रोड पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत ने किया धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं स्थानीय क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने आईडीपीएल की भूमि से जुड़े सवालों, बापूग्राम के निवासियों के अधिकारों तथा क्षेत्र की जनता को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र ने कहा कि आईडीपीएल और बापूग्राम का मुद्दा केवल जमीन का मुद्दा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य, सम्मान और अधिकारों से जुड़ा हुआ है। वर्षों से यहां निवास कर रहे लोगों को उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता में रखना उचित नहीं है। कांग्रेस पार्टी क्षेत्र की जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और जब तक उनकी मांगों पर न्यायोचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनकी आवाज बुलंद करती रहेगी।

जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि कांग्रेस का यह आंदोलन क्षेत्र की जनता के अधिकारों की लड़ाई है। भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उनकी आवाज को नजरअंदाज करना चाहिए। प्रदेश सचिव एड. राकेश सिंह मियां ने कहा कि इस पूरे मामले में सरकार को कानूनी और मानवीय दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए।

वर्षों से निवास कर रहे परिवारों के अधिकारों और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि आईडीपीएल की 633 एकड़ भूमि कोई साधारण जमीन का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह ऋषिकेश की ऐतिहासिक धरोहर और यहां के हजारों लोगों के भविष्य से जुड़ा हुआ विषय है। बापूग्राम में वर्षों से रह रहे परिवारों ने अपनी मेहनत से अपने घर बनाए हैं, अपने जीवन की पूरी पूंजी यहां लगाई है। आज उन्हीं परिवारों को बेदखली का भय दिखाया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को तत्काल स्पष्ट नीति बनाकर बापूग्राम के निवासियों को उनका अधिकार और सुरक्षा देनी चाहिए।

जहां सीवरेज कार्य पूरा हो चुका वहां सड़कें पूर्व स्थिति में लायें

ऋषिकेश (चिंगारी)। विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में सीवरेज परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर एस.के. वर्मा के साथ बैठक कर विधानसभा क्षेत्र में संचालित सीवरेज कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। प्रोजेक्ट मैनेजर ने अवगत कराया कि क्षेत्र में सीवरेज के तीन पैकेजों में कार्य गतिमान है, जबकि एक पैकेज की टेंडर प्रक्रिया चल रही है तथा एक अन्य पैकेज शासन स्तर पर लंबित है। इस पर डॉ. अग्रवाल ने संचालित तीनों पैकेजों के अंतर्गत हो रहे कार्यों की क्षेत्रवार जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिन क्षेत्रों में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां खोदी गई सड़कों का पुनर्निर्माण इसी माह के अंत तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि देहरादून रोड, प्रगति विहार, मेन रोड, खदरी, बापू ग्राम, 20 बीघा सहित जिन-जिन क्षेत्रों में सीवरेज का कार्य पूरा हो चुका है, वहां सड़कों को शीघ्र पूर्व स्थिति में लाया जाए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सीवरेज जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधा का विकास आवश्यक है, लेकिन निर्माण कार्यों के चलते आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए। सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें लंबे समय तक क्षतिग्रस्त अवस्था में छोड़ना उचित नहीं है। इससे स्थानीय निवासियों, व्यापारियों एवं राहगीरों को आवागमन में असुविधा होती है।

डॉ. प्रेमचन्द ने दिये निर्देश

शिवपुर में जंगली जानवरों का आतंक व्याप्त
प्रशासन दिलाये इनसे निजात



कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के वार्ड नंबर-18 के शिवपुर में डिग्री कॉलेज के समीप जंगल से सटे क्षेत्र में बंदरों और आवारा पशुओं की दहशत बनी हुई है। इससे परेशान क्षेत्रवासियों उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में शिवपुर, डिग्री कॉलेज रोड और आसपास के संपर्क मार्गों पर बंदरों और आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बंदर घरों और सड़कों पर उत्पात मचा रहे हैं, वहीं आवारा पशुओं के हमलों में कई लोग चोटिल हो चुके हैं। इससे क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। मांग की कि इस समय वे नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत रहते हैं। लेकिन इस तरह के हालात होने पर उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में शामिल कर दिया जाना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में स्थानीय पार्षद ज्योति सिंह, दिनेश जुयाल, राम सिंह, सुरेश मधवाल, विनोद काला, मदनमोहन बलूनी और विनोद जखमोला सहित अन्य लोग शामिल रहे।

चुनी गई छात्र परिषद इकाई
पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत जौनपुर स्थित हैप्पी होम स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद पदाधिकारी शपथ समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या शालिनी सिंह ने नए परिषद सदस्यों को ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की निदेशिका उषा सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर की। तत्पश्चात देवेश घिल्डियाल को हेड ब्वाय और रिद्धिमा को हेड गर्ल चुना गया। स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में आशुतोष सिंह और सिया रावत व कल्चरल हेड के लिए प्रियांशी निर्वाचित हुईं। डिसिप्लिन हेड के रूप में अनामिका भट्ट को चुना गया। ब्लू हाउस से हिमांशु यादव और ईशा ध्यानी, रेड हाउस से स्मृति काला और तुषार अग्रवाल, ग्रीन हाउस से मोहित और वैष्णवी तथा येलो हाउस से आकाश नेगी और शालू घाघट हाउस कैप्टन बनें। स्कूल प्रीफेक्ट्स के रूप में ब्लू हाउस से जिया, शौर्य रतूड़ी, आयुष कुमार और गौरांगी सक्सेना, रेड हाउस से प्रियांशी सक्सेना, मोहम्मद यासीन, समीक्षा और लवली, ग्रीन हाउस से हर्षिता रावत, अमनदीप कौर और रिहान फराज तथा येलो हाउस से रुचिका रावत, अदिति काला, मेलविना सिंह और मोहम्मद हम्माद को चुना गया। कम्युनिटी सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के लिए सृष्टि रावत एवं अनम का चयन किया गया।

दीपावली का पर्व आया, स्वच्छता अभियान चलाया

कोटद्वार (चिंगारी)। दीपों के पर्व दीपावली के आगमन को देखते हुए ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के पदाधिकारियों द्वारा पदमपुर मोटाढाक स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से सफाई अभियान संचालित कर स्वच्छता का संदेश दिया। सदस्यों ने कहा कि दीपावली केवल घरों को सजाने और रोशन करने का पर्व नहीं है, बल्कि अपने आसपास के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी अवसर है। कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और सभी को इस दायित्व को निभाना चाहिए। अभियान में समिति के महासचिव जगत सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष मनमोहन काला, संगठन मंत्री नंदन सिंह नेगी तथा समिति के संस्थापक निदेशक पूर्व सैनिक राम भरोषा कंडवाल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।

महाविद्यालय की तीनों रासेयो
इकाइयों का संयुक्त शिविर आयोजित

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीनों राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एस. नेगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र दिवाकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं सामाजिक विकास में स्वयंसेवियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी चमोली ने स्वयंसेवियों को सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व से अवगत कराया। साथ ही स्वयं सेवियों को नशे से दूर रहने, नशा मुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयंसेवियों को तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य बीरेंद्र सैनी, जितेंद्र सिंह एवं लीला देवी सहित समस्त रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

पॉलीटेक्निक संस्थान में खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार के हल्दूखाता स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ हो गई है। प्रथम दिवस छात्र व छात्राओं के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थी अपना बेहतर भविष्य भी बना सकते हैं। तत्पश्चात आयोजित 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मयंक असवाल ने पहला, अमित कुमार ने दूसरा और सूर्यप्रताप सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में शिवानी प्रथम, शीतल द्वितीय और शिवानी तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी, संस्थान के प्रधानाचार्य मुकेश बाबू, संजीव चंद्र, विनोद पंत, सिद्धार्थ कोटनाला, महेश कुकरेती, सुरेश सिंह, वीरेंद्र भंडारी और महेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कुर्सी दौड़ में चित्रा फर्स्ट आई

कोटद्वार (चिंगारी)। सनेह क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में चल रहे खेल सप्ताह के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्राइमरी वर्ग के अंतर्गत प्रथम कक्षा की कुर्सी दौड़ में चित्रा प्रथम, कार्तिकेय द्वितीय व अवंतिका तृतीय स्थान पर रहे। द्वितीय कक्षा की कुर्सी दौड़ में वंश, अयांश और अंकित क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्राइमरी वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में आर्यभट्ट सदन विजयी रहा। नर्सरी बालक वर्ग के बैलून रेस में अक्ष रावत प्रथम, श्रेष्ठ रावत द्वितीय और रुद्र तृतीय स्थान पर रहे। एल.के. जी बैलून रेस बालिका वर्ग में वेदिका प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और अवंतिका तृतीय स्थान पर रही। वहीं सीनियर वर्ग बैडमिंटन बालक वर्ग में आर्य भट्ट सदन के अभिनव नेगी ने रामानुजन सदन के अनुज पंथवाल को परजित कर जीत हासिल की। बालिका वर्ग में आर्यभट्ट सदन की विजेता ने रमन सदन की आयुषी रावत को हराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर गिरीश उनियाल सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com